


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03 : अंक : 271 | ग्वालियर, सोमवार 05 अक्टूबर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज ट्रैक

### गुरुग्राम में 4 डिलीवरी ब्वॉय ने किया महिला से गैंगरेप, सिर में भी गंभीर चोट



**गुरुग्राम।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम में 32 साल की एक महिला के साथ चार युवकों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है. आरोपियों ने वारदात के बाद महिला को पीटा भी. इस घटना में पीड़िता को सर में गंभीर चोट आई है. पीड़िता को इलाज के लिए पहले स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन महिला की हालत बिगड़ने के बाद उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है. गुरुग्राम पुलिस के मुताबिक ये वारदात शहर के पॉश इलाके डीएलएफ फेज-2 में हुई है. गुरुग्राम पुलिस ने इस मामले में तत्काल करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. ये चारो आरोपी फूड डिलीवरी कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करते हैं. पुलिस ने जिन चार आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है उनके नाम पंकज, पवन, रंजन और गोबिंद हैं. पुलिस का कहना है कि चारो आरोपी युवकों से सख्ती से पूछताछ की जारी है और घटना के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की जा रही है. पुलिस इस मामले के अन्य बिंदुओं की जांच कर रही है. पुलिस ये जानना चाह रही है कि क्या आरोपी पीड़िता को पहले से जानते थे. वहीं गुरुग्राम पुलिस महिला के ठीक होने का इंतजार कर रही है ताकि पीड़िता का विस्तृत बयान लिया जा सके.

### पीड़िता के भाई की मांग- डीएम को करें सस्पेंड व सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज से कराएं मामले की जांच




**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में दलित युवती के साथ हुई हैवानियत के बाद बुलगढ़ी गांव में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पीड़ित परिवार का हाल जानने और न्याय दिलाने की मांग को लेकर नेताओं का आना जारी है। इसी बीच पीड़िता के भाई ने कहा है कि हम सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज से इस मामले की जांच कराने की मांग करते हैं। साथ ही, हमारी मांग है कि जिला अधिकारी को निलंबित किया जाए। बता दें कि जिला अधिकारी के कई वीडियो वायरल हुए हैं, जिसको लेकर उनपर सवाल उठ रहे हैं। वहीं परिवार ने भी डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार पर धमकी देने का आरोप लगाया है। शनिवार की शाम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने के लिए सिफारिश की थी। राज्य सरकार के इस फैसले के बाद पीड़िता के भाई ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा था कि हमने सीबीआई जांच की मांग नहीं थी क्योंकि एसआईटी पहले से ही मामले की जांच कर रही है। अब उन्होंने मांग की है कि डीएम को निलंबित किया जाए और मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज से कराई जाए। शनिवार की शाम कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पीड़ित परिवार से मिलने के लिए हाथरस के बुलगढ़ी गांव पहुंचे थे। मुलाकात के बाद प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर बताया कि पीड़ित परिवार की मांग क्या है? प्रियंका ने लिखा..

### कोरोना के 70 फीसदी रोगी नहीं फैलाते वायरस: अध्ययन



**अमरावती।** कोरोना के 70 फीसदी रोगी वायरस नहीं फैलाते हैं। इस बात की जानकारी आंध्रप्रदेश-तमिलनाडु में किए गए एक अध्ययन से हुई है। अमेरिका स्थित सेंटर फॉर डिसीज, डायनेमिक्स एंड इकोनॉमिक पॉलिसी (सीडीडीईपी) द्वारा आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में किए गए एक नवीनतम अध्ययन से पता चला है कि कोरोना से संक्रमित सभी व्यक्ति वायरस को प्रसारित नहीं करते हैं। हालांकि, हमउम्र बच्चों में संक्रमण का प्रसार ज्यादा बताया गया है। आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में कोरोना महामारी विज्ञान और संचरण गतिकी शीर्षक से अध्ययन साइंस पत्रिका के 30 सितंबर के संस्करण में प्रकाशित हुआ था। इस बाबत आंध्र प्रदेश सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि बर्कले में सीडीडीईपी, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु सरकारों और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के जांचकर्ताओं के एक दल ने 575,071 व्यक्तियों में बीमारी के संचरण पैटर्न का अध्ययन किया, जिसमें कोरोना के 84,965 मामलों की पुष्टि हुई। अधिकारी ने दावा किया कि आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के राज्यों में हजारों संपर्क प्रशिक्षकों द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर महामारी विज्ञान का अब तक का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक विश्लेषण है।

### दिल्ली में 31 तक बंद रहेंगे सभी स्कूल सोमवार को जारी होगा आधिकारिक आदेश

**दिल्ली।** कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक बार फिर से दिल्ली के स्कूलों को खोलने की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को यह घोषणा करते हुए जानकारी दी, कि राजधानी के सभी स्कू ल 31 अक्टूबर तक बंद रहेंगे। इससे पहले केंद्र सरकार की तरफ से 15 अक्टूबर से सभी स्कूलों को खोलने की छूट दी गई है। इस फैसले के बाद अटकलें तेज हो गई थी कि दिल्ली के स्कोूल भी खुल सकते हैं। हालांकि अरविंद केजरीवाल सरकार ने 18 सितंबर को जारी आदेश में 5 अक्टूतबर तक के लिए स्कूल बंद रखने को कहा था।

सिर्फ उत्तर प्रदेश नहीं, हाथरस कांड का

# बिहार विधानसभा चुनाव और मप्र उपचुनाव में भी होगा असर

**नई दिल्ली।** हाथरस कांड को लेकर कांग्रेस आक्रामक है। इस मुद्दे पर सीधे टकराव से बचने के लिए यूपी सरकार को आखिरकार पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी पीड़िता के परिवार से मिलने के लिए हाथरस जाने की इजाजत देनी पड़ी। पर कांग्रेस ने जिस तरह इस मुद्दे को उठाया है, उससे साफ है कि पार्टी तेवर बरकार रखेगी। उत्तर प्रदेश के साथ यह मुद्दा बिहार विधानसभा और मध्य प्रदेश उपचुनावों में भी असर डालेगा। क्योंकि, इस मुद्दे के जरिए कांग्रेस भाजपा को दलित विरोधी के तौर पर पेश कर सकती है। साथ ही पार्टी को अपना परंपरागत वोट की वापसी की उम्मीद जगी है। दलित समाज में इस घटना को लेकर नाराजगी है। यही वजह है कि कांग्रेस कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती।




बिहार विधानसभा और मध्यप्रदेश उपचुनावों के बीच कांग्रेस इस मुद्दे पर भाजपा को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहती। क्योंकि, बिहार की 38 आरक्षित सरकार के गठन में अहम भूमिका निभाती है। वर्ष 2015 के चुनाव में राजद, कांग्रेस और जेडीयू ने एकसाथ चुनाव लड़ा था। इन चुनाव में राजद 14, जेडीयू 10 और कांग्रेस 5 सीट जीतने में सफल रही थी। भाजपा को भी पांच सीट मिली थी। पर इस बार सियासी तस्वीर और गठबंधन के सहयोगी बदल गए हैं। इस बार जेडीयू और भाजपा एकसाथ चुनाव मैदान में हैं। बसपा भी रालोसपा के साथ गठबंधन कर चुनाव मैदान में हैं। इसलिए, कांग्रेस हाथरस कांड को उठाकर भाजपा और जेडीयू के साथ बसपा को भी कटघरे में खड़ा करना चाहती है। क्योंकि, इस मामले को लेकर बसपा बहुत आक्रामक नहीं रही है। जबकि भाजपा और उत्तर प्रदेश सरकार बैकफुट पर है। मध्य प्रदेश की 28 सीट पर होने वाले उपचुनावों में से 11 सीट आरक्षित हैं। वर्ष 2018 में हुए चुनाव में इनमें से कई आरक्षित सीट पर बसपा दूसरे नंबर पर रही थी। मप्र उपचुनाव कांग्रेस के लिए बेहद अहम है, क्योंकि इन चुनावों में जीत पार्टी की सत्ता में वापसी की राह बना सकती है। इसलिए, कांग्रेस उपचुनावों में दलित मतदाताओं को अपनी तरफ करना चाहती है। उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस हाथरस कांड पर बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी की चुप्पी का फायदा उठाना चाहती है। पार्टी पूरी मजबूती के साथ 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है, इसलिए वह यूपी से जुड़े हर मुद्दे को उठाने में सबसे आगे रहती है।

पुरुष पुलिसकर्मी ने पकड़ा हाथरस जा रही प्रियंका गांधी का कुर्ता, संजय राउत बोले

# योगी राज में महिला पुलिस नहीं क्या?



**नई दिल्ली।** शिवसेना नेता संजय राउत ने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार पर हमला करते हुए एक ट्वीट किया। दरअसल ट्वीट में हाथरस रेप पीड़िता के परिवार से मिलने जा रही कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की तस्वीर थी जिसमें पुरुष पुलिस द्वारा उन्हें उनका कुर्ता पकड़ कर रोका जा रहा है। फोटो के साथ राउत ने लिखा- क्या योगीजी के राज में महिला पुलिस नहीं है? कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका ने घोषणी की थी कि वे 19 वर्षीय रेप पीड़िता दलित महिला के परिवार से मिलने जाएंगे। बता दें कि लड़की 14 सितंबर को चार पुरुषों द्वारा सामूहिक बलात्कार की शिकार हुई थी और दो सप्ताह के बाद दिल्ली के एक अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई।

उनकी यात्रा के बाद दोनों कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उनकी पार्टी हाथरस गैंगरेप पीड़िता के परिजनों के साथ खड़ी है। प्रियंका गांधी ने पीड़िता की मां को सांत्वना दी और कहा कि वे परिवार के साथ अन्याय के विरोध में खड़ी होंगी। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलने के बाद कहा कि परिवार आखिरी बार भी अपनी बेटी को नहीं देख सका। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। जब तक न्याय नहीं मिल जाता, तब तक हम इस लड़ाई को जारी रखेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि राज्य सरकार को दु:खी परिवार की रक्षा करनी चाहिए। मैं परिवार के साथ खड़ा हूं। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे। धारा 144 और महामारी कानून के उल्लंघन के आधार पर गुरुवार को यूपी पुलिस द्वारा हिरासत में लेने सहित नाटकीय घटनाओं की एक श्रृंखला के बाद शाम 6.45 बजे हाथरस पहुंचने के बाद राहुल एक घंटे से अधिक समय तक परिवार के साथ रहे। हाई-वोल्टेज ड्रामा में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को भी रोक दिया गया था।

पंजाब में गरजे राहुल गांधी, बोले-

# सत्ता में आते ही कूड़ेदान में फेंक देंगे तीनों कृषि कानून

**मोगा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कृषि कानूनों को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को पंजाब के मोगा में खेती बचाओ यात्रा के दौरान अहम ऐलान किया। राहुल गांधी ने कहा कि सत्ता में आते ही तीनों कानूनों को कूड़ेदान में फेंक देंगे।

राहुल गांधी ने मोगा में कहा, मैं आपको गारंटी देता हूं कि जिस दिन कांग्रेस पार्टी सत्ता में आती है, हम तीनों काले कानूनों को खत्म कर देंगे और उसे कूड़ेदान में फेंक देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि अगर किसान इन कानूनों से खुश हैं तो वे देशभर में विरोध प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं? पंजाब में सभी किसान विरोध क्यों कर रहे हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को हाथरस की यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश में था, जहां पर एक बेटी की हत्या कर दी गई। जिन्होंने उसे मारा, उसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया। परिवार जिसकी बेटी की हत्या हुई, उसी को घर में बंद कर दिया गया। डीएम और सीएम ने धमकी दी। भारत में ये हालात हैं। अपराध करने वालों को कुछ नहीं होता है, लेकिन पीड़ित के खिलाफ ही कार्रवाई कर दी जाती है। राहुल गांधी रविवार दोपहर मोगा पहुंचे थे। वह आज से शुरू हुई तीन दिवसीय ट्रैक्टर रैलियों का नेतृत्व कर रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, कांग्रेस महासचिव एवं पंजाब मामलों के प्रभारी हरीश रावत, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़, राज्य के वित्तमंत्री मनप्रीत सिंह बादल और अन्य नेता भी रैली में शामिल होने के लिए मोगा पहुंचे। खेती बचाओ यात्रा के नाम से निकाली जा रही ट्रैक्टर रैलियां करीब



50 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करेगी और विभिन्न जिलों तथा निर्वाचन क्षेत्रों से गुजरेंगी। उल्लेखनीय है कि नए कृषि कानूनों का पंजाब के किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों को आशंका है कि केंद्र द्वारा किए जा रहे कृषि सुधार से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को समाप्त करने का रास्ता साफ होगा और वे बड़ी कंपनियों की दया पर आश्रित रह जाएंगे। हालांकि, सरकार का कहना है कि एमएसपी प्रणाली में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि संसद ने हाल में तीन विधेयकों- कृषक उपज व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) विधेयक-2020, किसान (सशक्तीकरण और संरक्षण) मूल्य आश्वासन अनुबंध एवं कृषि सेवाएं विधेयक 2020 और आवश्यक वस्तु संशोधन विधेयक-2020 को पारित किया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की मंजूरी के बाद तीनों कानून 27 सितंबर से प्रभावी हो गए।

### इमरान खान सरकार का आरोप, नवाज शरीफ के मोदी और जिंदल से हैं लिंक

**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के विशेष राजनीतिक सहायक डॉ. शाहबाज गिल ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कारोबारी सज्जन जिंदल के साथ मिले होने का आरोप लगाया है। राजनीति में सेना के दखल के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले नवाज शरीफ पर देशद्रोह के आरोप लगाते हुए गिल ने कहा कि पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ सेना को इसलिए निशाना बना रहे हैं क्योंकि सेना ने उन्हें मोदी और जिंदल से लिंक और देशद्रोही गतिविधियों के लिए सवाल किया था। गिल ने यह भी आरोप लगाया कि शरीफ और उनकी सरकार कुलभूषण जाधव को पकड़े जाने की घोषणा करने को तैयार नहीं थी।



बिहार चुनाव से पहले एनडीए में फूट

# नीतीश के नेतृत्व में चुनाव नहीं लड़ेगी एलजेपी

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान हो चुका है और लेकिन एनडीए में घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा अब तक फाइनल नहीं हुआ है. लोक जनशक्ति पार्टी सीट बंटवारे को लेकर लगातार दबाव बना रही है, लेकिन उसे कामयाबी मिलती नहीं दिखी तो उसने एनडीए से अलग होने का फैसला ले लिया. अब पार्टी ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में एनडीए के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया है. चुनाव से पहले एनडीए में फूट पड़ गई है. लोक जनशक्ति पार्टी ने रविवार को फैसला लिया है कि पार्टी एनडीए गठबंधन की ओर से नीतीश कुमार की अगुवाई में विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगी. पार्टी बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट नारे के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी. हालांकि पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरी तरह से समर्थन किया है. इससे पहले सूत्रों के हवाले से खबर आई थी कि बिहार विधानसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) अलग होकर चुनाव लड़ने का फैसला ले सकती है.

अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया से सुरक्षा संवाद करने के लिए

# 6 को टोक्यो जाएंगे एस जयशंकर, बौखलाया चीन

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर प्रसाद ने अपने टोक्यो दौरे से पहले कहा कि वो लोकतांत्रिक देशों से अपने सम्बन्ध मज़बूत करने से नहीं झिझकेंगे। बता दें कि जयशंकर 6 अक्टूबर को जापान की दो दिवसीय यात्रा के लिए रवाना होंगे। जय शंकर 'चतुर्भुज सुरक्षा संवाद' में शामिल होने के लिए जापान की राजधानी टोक्यो जा रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पॉम्पिओ भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के समूह 'क्वाड' की दूसरी मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए टोक्यो की यात्रा करेंगे, लेकिन पहले से निर्धारित योजना के



अनुसार मंगोलिया और दक्षिण कोरिया नहीं जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। क्वाड भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच अनौपचारिक रणनीतिक वार्ता का मंच है। इस मुद्दे पर सरकार के विचारों के बार में जानकारी रखने वाले एक सीनियर अधिकारी ने कहा, भारत को अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड संवाद को औपचारिक रूप से लागू करने में कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि 2019 में किनारे होने वाले विदेश मंत्रियों की बैठक के साथ 2017 से पहले से ही बातचीत हो रही है। यदि अन्य तीन सदस्य चाहते हैं बातचीत को संस्थागत बनाने के लिए, भारत भाग लेने के लिए तैयार है।

### खफा है चीन

चीन इस वार्ता से इतना खफा है कि उसने इन चार देशों के समूह के बार में कहा है कि ये एक तरह की गुटबाजी है। चीन इन देशओं पर कूटनीतिक दबाव बनाने की कोशिश भा कर सकता है। पूर्व एशियाई और प्रशांत मामलों के अमेरिकी सहायक सचिव डेविड स्टिलवेल ने पिछले शुक्रवार को कहा, क्वाड इंडो-पैसिफिक सिद्धांतों को स्थापित करने, उन्हें बढ़ावा देने और सुरक्षित करने का प्रयास करता है, विशेष रूप से तब जब पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की रणनीति, आक्रामकता, और क्षेत्र में जबरदस्ती बढ़ जाती है।

### क्वाड देशों के साथ चीन के संबंध

जापान के नए प्रधान मंत्री योशीहिदे सुगा ने भी अपने पहले कॉल में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और भारतीय नेतृत्व से बात करने के बाद चीनी सर्वोपरि नेता शी जिनपिंग से बात की। क्वाड के सभी देशों के चीन के साथ अलग-अलग तरह के गंभीर मुद्दे चल रहे हैं।

### बना सकता है कूटनीतिक दबाव

ऐसा माना जा रहा है कि चीन इस समूह पर कूटनीतिक दबाव बनाने की कोशिश कर सकता है, इसके बाद भी अमेरिकी विदेश मंत्री ने टोक्यो जाने से पहले ट्विट करते हुए कहा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की लापरवाह आर्थिक नीतियों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं के बेरहमी से दमन के परिणामस्वरूप चीन की पर्यावरणीय आपदाएं हुईं। दुनिया आर्थिक विकास के सीसीपी मॉडल को बर्दाश्त नहीं कर सकती। 3 अक्टूबर को ट्वीट्स की एक सीरीज में, पोम्पेओ ने कहा कि चीन दुनिया भर में प्राकृतिक संसाधनों का गैर-कानूनी रूप से शोषण करता है, जिससे दुनिया की अर्थव्यवस्था को खतरा है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक, 404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478, 7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# सैनिक अरुण प्रताप सिंह भदोरिया की विदाई समारोह में ग्राम वासियो ने जमकर किया भव्य स्वागत



**अनिल पाराशर**
**पुष्पांजलि टुडे क्राइम रिपोर्टर मध्य प्रदेश**

**भिंड /**जानकारी अनुसार ।सैनिक सिपाही अपने युबा अवस्था के पल देश के लिए समर्पित कर देता है ।जिसमे कुछ सैनिक देश की सेबा करते करते शहीद हो जाते है ओर बहुत से विमारी में दम तोड़ देते है ।ऐसे में समाज के अंदर उनकी प्राथमिकता बहुत ही कम दर्ज हो पाती है ।जिससे समाज के लोग सैनिक के सम्मान के लिए अतुर लयलित देखे जाते है ।ऐसे ही थल सेना की सैनिक की नोकरी पूरी कर अपने घर वपिश सेवानिवृत होने के बाद आये तो समाज मे मधुर संबंध स्थापित रखने बाले वीर युवा अरुण प्रताप सिंह उर्फ नैकसे फौजी का युबाओ मित्र मंडली समाज सेवी संघठन टीम के द्वारा ग्राम कीरत पुरा में पुष्प माला पहना कर तुलादान करके सम्मान किया गया है ।जिसमे काफी मात्रा में समाज के लोग साथ ही ग्राम के बुजुर्ग लोग भी शामिल हुए ।अरुण प्रताप भदौरिया के द्वारा बताया गया ।कि अब तक बह भारत माता की सीमा पर खड़े होकर देश की निष्ठा निष्पक्षता से सेवा करते रहे ।और अब रिटायरमेंट मिल जाने के बाद समाज के द्वारा मुझे जो प्यार दुलार सम्मान दिया गया है ।इसका में सदैव ऋणी रहूँगा ।ओर हमेशा समाज के लिए हर सम्भव मदद में आगे रहूँगा अब समाज सेवा कर में यह पुण्य भी प्राप्त करूँगा ।

# भ्रष्टाचारियों को बचाने के एवं भ्रष्टाचार को दबाने में लगे आगरा के बेसिक शिक्षा अधिकारी

**रिपोर्टर खैरागढ-राजकुमार राजपूत**

आगरा के विकासखंड खैरागढ़ के प्राथमिक विद्यालय लल्लूपुरा की सहायक अध्यापिका को करीब एक महीने पहले ही निलंबित कर दिया गया था करीब एक महीना बीत जाने के बाद भी निलंबन से संबंधित दस्तावेज जांच अधिकारी द्वारा मोना लखवानी को प्राप्त नहीं कराए गए मोना लखवानी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी खेरागढ़ खंड शिक्षा अधिकारी जैतपुर एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आगरा से लिखित प्रार्थना पत्र के द्वारा दस्तावेज मांगे गए *देखिए बेसिक शिक्षा अधिकारी की जादूगरी शिकायतकर्ता पर ही कार्रवाई कर दी। निलंबन पत्र में दो सदस्यीय जांच समिति की प्रस्तुत जांच आख्या पर मोना



लखवानी सहायक अध्यापिका रामपाल शिक्षा मित्र का मानदेय अवरुद्ध किया गया है मोना लखवानी एवं रामपाल सिंह द्वारा जिला अधिकारी आगरा को दिए गए प्रार्थना पत्र आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत को प्रस्तुत करने के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आगरा द्वारा दो सदस्यीय जांच समिति द्वारा की गई जांच पर मोना लखवानी और रामपाल सिंह शिक्षामित्र पर कार्रवाई की गई है लेकिन दो सदस्यीय जांच समिति के कौन सदस्य थे किन के आदेश से समिति बनी थी इसको शिक्षा विभाग पीड़िता को देने को तैयार नहीं है पीड़िता उस समय बाल देखभाल अवकाश पर थी रामपाल सिंह शिक्षामित्र द्वारा बताया गया कि स्कूल में अनिल निम खंड शिक्षा अधिकारी एवं अखिलेश वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी जांच हेतु स्कूल में आए थे जांच अधिकारियों के हस्ताक्षर भी उपस्थिति रजिस्टर में उपलब्ध है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आगरा के अधिकारी द्वारा जांच हेतु पुनः अखिलेश वर्मा एवं अनिल निम खंड शिक्षा अधिकारियों को अलग पत्रों से जांच अधिकारी बनाया है पहले वाला या बाद वाला कौन सा पत्र मान्य है यह बेसिक शिक्षा अधिकारी बता सकते है बीच वाला पत्र जो श्री अनिल निम जी खंड शिक्षा अधिकारी जैतपुर के नाम संबोधित है अनिल निम खंड शिक्षा अधिकारी जैतपुर द्वारा ही आरोप पत्र मोना लखवानी के व्हाट्सएप नंबर पर योगेश कुमार बिल बाबू के व्हाट्सएप नंबर से भेजा गया है उसमें पीड़िता पर की गई कार्रवाई में जांच अधिकारी खंड विकास अधिकारी खेरागढ़ की जांच में पाई गई कमियों पर कार्रवाई की गई है जबकि बेसिक शिक्षा विभाग पीड़िता के जवाब के लिए अभिलेखों की प्रति देने में भी जादूगरी दिखा रहा है हद तो जब हो गई कि अनिल निम जी से बात करने पर वह अपनी जांच समिति की जांच से मुकर गए ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों से ताज नगरी की गरीब जनता के नौनिहालों के भविष्य से कब तक खिलवाड़ करते रहे रहेंगे और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सरकार क्या ऐसे ही सोती रहेगी बेसिक शिक्षा विभाग क्या पीड़िता को न्याय दे पाएगा।



# जनसत्ता दल लोकतांत्रिक (राजा भैया) की पार्टी द्वारा श्रीमान मंडल अध्यक्ष नवीन जी, जिलाध्यक्ष यमराज सिंह के निर्देश अनुसार 92, विधानसभा में सदस्यता अभियान चलाया गया

**ब्यूरो चीफ आगरा प्रवेंद्र सिंह**

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ( राजा भैया ) की पार्टी द्वारा श्रीमान मंडल अध्यक्ष नवीन जी, जिलाध्यक्ष यमराज सिंह के निर्देश अनुसार 92, विधानसभा में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसकी बैठक बाबा दीनदयाल मंदिर खेरागढ़ में संपन्न हुई, बैठक में पार्टी के पदाधिकारी के द्वारा सैकड़ों लोगों को सक्रिय सदस्यता दिलवाई गई साथ ही साथ आगामी विधानसभा चुनाव के लिए खैरागढ़ विधानसभा आईटी सेल की 100 लोगों की टीम का गठन किया गया तथा पार्टी के पदाधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए गए, जिसमें मौजूद जिले के पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्यागी जी, विधानसभा प्रभारी अजीत परमार जी, विधानसभा अध्यक्ष खेरागढ़ सुरेंद्र सिंह परमार, अनुराग शर्मा जी, केशव सिंह शेखावत संजय सिंह चौहान जी, दीपक तोमर (जिला महासचिव) दीपक परमार, दीपक कुमार जी, सौरव बघेल जी, प्रवेंद्र परमार ब्यूरो चीफ, रवि प्रताप सिकरवार जी, कार्तिक सिकरवार, विवेक सिकरवार, पंकज सिकरवार, अजय सिकरवार, रामकुमार, रविंद्र शर्मा जी, बृजेश परमार, हेमेंद्र परमार, संजय परमार, महेश परमार, पुष्पेंद्र तोमर, नरेश कुमार, विजय सिंह, बंटी जादौन, शिवराम कुशवाह, अंतराम गोस्वामी, बिजेंद्र सविता, भानु प्रताप शर्मा गब्बर कुशवाह आदि कार्यकर्ता गण मौजूद रहे ।

# राष्ट्रीय आंचलिक की बिहार इकाई का उद्घाटन

भारत की साहित्यिक निस्वार्थ राष्ट्रीय संस्था ÷राष्ट्रीय आंचलिक साहित्य संस्थान÷ का बिहार इकाई का उद्घाटन समारोह मे संस्था के सभी सम्मानित पराधिकारी उपस्थित होकर चार चांद लगा दिए ! जिसमें बिहार इकाई की अध्यक्ष बबिता सिंह जी के द्वारा पूरी व्यवस्था किया तथा उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष/संस्थापक नवलपाल प्रभाकर %दिनकर% जी के कर कमलों द्वारा हुआ ! संस्था के राष्ट्रीय महासचिव रुपेश कुमार के अथक प्रयास से यह शुभ दिन आज आया ! मुख्य अतिथि पूजा ऋतुराज जी( नवसृजन संस्था की सचिव) एवं अतिथि साहित्यकार दिपाली सोढ़ी( पुर्व मॉडल) असम अध्यक्ष ,राष्ट्रीय सचिव सह कानुनी सलाहकार अनुजा %मनु%( सुप्रीम कोर्ट की वकिल) , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिया सिंह, अन्तराष्ट्रीय साहित्य राजदूत अंशु पाल %अमृता%( राष्ट्रीय संचालिका), राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ मंत्री, निक्की शर्मा %रश्मि% ,बिहार प्रांत उपाध्यक्ष - वीणा द्विवेदी जी,बिहार प्रांत महासचिव - रेणु शर्मा जी,बिहार प्रांत महासचिव - रुपा वात्सायन जी( पुर्व मिसेज इंडिया) बिहार प्रांत प्रचार सचिव - प्रेम लता सिंह जी,बिहार प्रांत वरिष्ठ मिडिया प्रभारी - कपिलेश्वर जी,बिहार प्रांत मिडिया प्रभारी - धीरज कुमार जी, बिहार प्रांत कोषाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार जी, बिहार प्रांत कानूनी सलाहकार अखौरी चन्द शेखर जी ,बिहार प्रांत महामंत्री भारती जी,बिहार पटल प्रभारी - पूनम कुमारी के द्वारा भव्य कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया ! नवल पाल जी के द्वारा संस्था के बारे मे पूरी विस्तार से अपना वक्तव्य दिया गया साथ मे रुपेश जी के द्वारा संस्था के निस्वार्थ साहित्यिक कार्यक्रम एवं साहित्यिक उदेश्य के बारें मे पूरी जानकारिया दी




गई ! साथ ही माननीय अध्यक्ष बबिता जी के द्वारा साहित्य के प्रति उनके लगन एवं समाजिक सरोकार और उदेश्यो के बारें मे बताया गया, शृगार कवयित्रि अंशुपाल अमृता जी के द्वारा शृंगार के रचनाओं से कार्यक्रम को सराबोर कर दिया ! लखनऊ की कवयित्री अनुजा %मनु% जी के द्वारा खुबसूरत रचनाओं से कार्यक्रम मे चार चांद लगा दिया ! वही मुंबई की कवयित्री निक्की शर्मा %रश्मि% जी के द्वारा खुबसूरत रचनाओं से सबका मन मोह लिए ! एव साथ मे विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका संचालन पुर्व मिसेज इंडिया एवं पूनम कुमारी जी के द्वारा किया जिसमें सभी माननीय साहित्यकार बन्धुओ ने भाग लिया !मधु वैष्णव मान्या जोधपुर राजस्थान, दर्शन जोशी, संगमनेर, सुरेश मीणा बांसवाड़ा राजस्थान, स्मिता पाल (साईं स्मिता), झारखंड, खुशबू उत्तर प्रदेश , जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर ग्राम खरौरा छत्तीसगढ़ ,खान मनजीत भावड़िया मजीद, हरियाणा, अरविंद अवस्थी मीरजापुर, उप्र, धनेश्वर प्रसाद देवांगन, व्याख्याता ,सारागाँव, जाँजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़, विकास चारण ÷दिवान जी÷ बीकानेर राजस्थान,सविता मोदी मंडला (म प्र), डॉ. जयप्रकाश नागला ,नांदेड़ , महाराष्ट्र,डॉ असीम आनंद, आगरा, उतर प्रदेश,अंजनी शर्मा, गुरुग्राम, हरियाणा,डाः नेहा इलाहाबादी दिल्ली, सनुक लाल यादव, बालाघाट मध्यप्रदेश, प्रिया गुप्ता छत्तीसगढ़, निधी कुमारी, मुजफ्फरपुर (बिहार) , विशाल चतुर्वेदी ÷ उमेश ÷ जबलपुर मध्यप्रदेश, ओम प्रकाश श्रीवास्तव ओम कानपुर नगर, के.के.सिंह %आमद% साधुपुरी फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश), श्रीमती श्रीमती सरोज साव %कमल% रायगढ़ छत्तीसगढ़, रमा बहेड़, राम बिहारी पचौरी भिंड (मध्य प्रदेश), विजय कुमार, कंकेर औरंगाबाद, बिहार,डॉ रश्मि शुक्ला प्रयागराज, सुरेन्द्र नाथ सिंह- गाज़ीपुर (उत्तर प्रदेश), डॉ दीपा अंटिन बेलगावी कर्नाटक, कमलेश पाण्डेय %कमल% , प्रयागराज, डॉ. सम्पत लाल रेगर ,राजसमंद (राजस्थान),अनामिका वैश्य आईना, लखनऊ के द्वारा संपन्न हुआ !



# थाना गोले का मन्दिर क्षेत्र में बालाजी ज्वेलर्स के मुनीम से हुई लूट का पर्दाफाश क्राईमब्रांच ने दोलुटेरोंको मय हथियारों के कियागिरफ्तार

# समाजसेवी की पुण्यतिथि पर 50 लोगों ने किया स्वेक्छित रक्तदान



**श्योपुर।** वरिष्ठ समाज सेवी स्वः ओमप्रकाश जी मीणा कि तृतीय पुण्य स्मृति मे आयोजित रक्तदान शिविर मे 50 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया कार्यक्रम मे मुख्य रुप से श्योपुर एसपी संपत उपाध्यय, एसडीएम रुपेश उपाध्यय, विधायक बाबू जंडेल , सिविल सर्जन डॉ.आरबी गोयल,योगेश जाट, गिर्राज चौधरी, संजीव कुशवाहा, पूर्व जेसीआई अध्यक्ष आशीष चौहान, सिराज दाऊदी एंव कार्यक्रम संचालक राधेश्याम मीणा, राजेन्द्र मीणा ननवाद सहित सहयोगी संस्थाओं के संस्था प्रमुख पुष्पाश्री फाऊंडेशन अरूण ओसवाल, स्वःमुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास प्रमुख महावीर गुप्ता, लाइफ केयर सोसायटी प्रमुख डॉक्टर खेमचंद जैन, राष्ट्र भक्त युवा संगठन प्रमुख विवेक भारद्वाज, जिलाध्यक्ष संजय मंगल, महामंत्री मुकेश हिरनीखेडा, मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा, मंत्री राजाखान, विधिक सहसलाहकार मुकेश मीणा कोटरा और भारत स्काउट गाइड संघ श्योपुर के अरसदखान,चेतन गौड, हर्षिंद्रर सिंह सिसौदिया सहित आदि सहयोगी संस्था के संस्था प्रमुख मौजूद थे सफल आयोजन के लिये स्वः ओमप्रकाश मीणा स्मृति सेवा न्यास प्रमुख दीनबंधु मीणा,मुकेश मीणा, अशोक मीणा जी को बहुत -2 बधाई एंव सभी रक्तदाताओं का हद्वय कि गहराईयो आभार।



**हम पृथ्वी ग्रह को जानवरों के साथ साझा करते हैं, और यह आवश्यक है कि उन्हें भी हमारे जैसे मूलभूत अधिकार प्रदान किए जाए। यह स्वीकार करना होगा कि प्रत्येक जानवर एक अनोखा संवेदनात्मक प्राणी है और इसलिए वह सामाजिक न्याय पाने के लिए भी योग्य है क्योंकि इस पर आधारित संरक्षण गतिविधियां केवल लुप्तप्राय प्रजातियों तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि धरती पर सभी बहुतायत जानवरों के लिए भी होना चाहिए। विभिन्न मानव क्रियाओं का पशु जीवन पर स्थायी प्रभाव पड़ता है, इसीलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम मनुष्य के रूप में जानवरों के जीवन में सुधार करने के लिए सक्रिय रुप से कार्य करने की जिम्मेदारी रखें। यही संदेश समाज में देने हेतु आज अंतर्राष्ट्रीय पशु दिवस के उपलक्ष्य में उड़ान वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा गोले का मंदिर स्थित गौशाला पर जागरूकता अभियान के साथ-साथ चारा वितरित किया गया। इसमें संस्था की अध्यक्षा सीता पाणीग्राही बबीता गुप्ता हर्षिता गुर्जर चंचल शर्मा वंदना कौर हैरी गुप्ता मोनिका मित्तल प्रतिभा दुबे अनुराधा तोमर आदि सम्मिलित हुए।**

# मेडिकल ऑफिसर हर्षवर्धन गुप्ता को मिला कोरोना योद्धा सम्मान



**लहार( अर्पित गुप्ता)।** कोरोना काल मे डॉक्टरों की टीम जिस हौशले के साथ ढाल बनकर खड़ी रही वह वाकई में सराहनीय है।जिसके चलते मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना डॉक्टरों की कोरोना महामारी में मुख्य भूमिका मानते हुए उन्हें कोरोना योद्धा सेवा सम्मान से सम्मानित किया है।जिसके चलते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लहार मेडिकल ऑफिसर डॉ.हर्षवर्धन गुप्ता को कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित किया है।यहां बताना मुनासिब होगा कि डॉ.हर्षवर्धन गुप्ता पूर्व में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के पद पर पदस्थ थे जिसके चलते उन्होंने कोरोना काल मे काफी सराहनीय कार्य किये हैं।

# लहार थाना क्षेत्र के ग्राम मडोरी में रेत का अबैध उत्तखनन जारी, जिम्मेदारों ने सादी चुप्पी

**लहार( अर्पित गुप्ता)**

लहार थाना पुलिस की तमाम कोशिशों के बाबजूद भी क्षेत्र के ग्राम मडोरी में अबैध रेत उत्तखनन पर लगाम नही लग पा रहा है लहार थाना क्षेत्र का ग्राम मडोरी आजकल एक नेता जी की सह पर अबैध रेत की मंडी बना हुआ ओर प्रसासन इनकी दबंगई के आगे घुटने टेकते हुए मजबूर नजर आ रहा है अभी हाल ही में लहार बिधायक एवम पूर्व मंत्री डॉक्टर गोविंद सिंह द्वारा नदी बचाव यात्रा का आगाज किया गया था परंतु नदी बचाव यात्रा समाप्त होते ही क्षेत्र में अबैध उत्तखनन जमकर शुरू हो गया और अब किसी के द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है और हालात ये है कि शाम ढलते ही सेकड़ो ट्रक ग्राम मडोरी की सोभा बढ़ाते हुए नजर आते है ।

**पूर्व मंडल अध्यक्ष की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान**-ग्राम पंचायत मडोरी के कई बर्षो से सरपंच एबम पूर्व में मंडल अध्यक्ष रहे नंदराम बघेल जिन्होंने सन 2018 में अबैध रेत उत्तखनन को लेकर एक अलख जगाई थी और माफियाओं द्वारा उन पर कायमी एवम उंन्हे जान से मारने की कोशिश भी की गई थी पर वही अब जब प्रदेश में भाजपा की सरकार है तब मंडल अध्यक्ष के ग्रह ग्राम में एबम आसपास क्षेत्र अजनार में अबैध रेत उत्तखनन धडल्ले से जारी है और महोदय द्वारा रोकने के लिए कोई कार्यबाही नही की जा रही यह सबाल लोगो के जहन में घर कर गया है और उनकी एक स्वच्छ छवि पर दाग एबम उनकी दमदार कार्यप्रणाली पर एक सबालिया निसान खड़ा करता है और क्षेत्र में हो रहे अबैध रेत उत्तखनन पर लगाम लगाना मुश्किल सा लगने लगा है ।

# राजस्थान मा बाडी शिक्षा सहयोगी संगठन की बैठक हुई आयोजित

**नारायणलाल सैणचा**

**बाली।** विधान सभा के आदिवासी क्षेत्र मे जनजाति ग्राम विकास समिति के तहत स्वच्छ परियोजना द्वारा मा बाडी केन्द्र के समस्त



शिक्षा सहयोगी की बैठक अध्यक्ष शैतानलाल व मुकेश गरासिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। यह योजना वर्ष 2014 से संचालित की गई थी। मा बाडी केन्द्र पर कार्यरत शिक्षा सहयोगी अपनी विभिन्न मांग पुरी नही होने की मार झेल रहे हैं लेकिन सरकार इन पर ध्यान नही पड रहा है। स्वच्छ परियोजना इन्हें योग्यता के आधार पर मानदेय भुगतान देती हैं जिससे इनके परिवार का बडी मुश्किल से भरण पोषण होता है।रविवार को भीमाना मे शिक्षा सहयोगी संगठन ने बैठक आयोजित कर अपनी विभिन्न मांगो को राज्य सरकार को अवगत कराने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मा बाडी शिक्षा सहयोगी को संविदा कर्मी का दर्जा प्रदान कराते हुए स्थाईकरण करने पर विचार विमर्श स्वच्छ परियोजना से शिक्षा सहयोगी को समय पर मानदेय भुगतान करना मा बाडी केन्द्र पर कार्यरत पोषाहार साहिका का तीन माह का बकाया भुगतान जल्द करवाने। शिक्षा सहयोगी के मानदेय मे हर माह कटौती करने पर। आदी मुद्दों पर निर्णय लेते हुए अपनी मांगो को पुण करने के लिए बाली उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन देने की रणनीति तैयार की गई। सभी युवा साथियों ने बैठक कर सरकार से मांग की है की आदिवासी क्षेत्र मे 12 वी पास बेरोजगार युवा को रोजगार दिया जाए अगर हमारी मांग पर सरकार का ध्यान नही पडा तो हम लोग आदोंलन के लिए उतारु हो जाएगे। बैठक में मां बाडी संघ अध्यक्ष शैतानलाल, अर्जुनलाल, मुकेश कुमार, मोतीलाल, कुसाराम, हरिलाल, कुकाराम, बाबुराम, केसाराम, शंकरलाल, जैसाराम, मालाराम, सवाराम, वक्ताराम, लसाराम, कानाराम, माथुर, लाला राम आदि शिक्षा सहयोगी उपस्थित हुए।

# सरकारी विभागों के अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई करने के लिए जल्द ही कोई पॉलिसी बनाई जाए

**रघुबीर ठाकुर**

रियासी में भाजपा नेता जम्मू कश्मीर यूनियन टेरिटरी कार्यकारी सदस्य श्री पवन देव सिंह एडवोकेट ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर के माननीय लेफ्टिनेंट गवर्नर श्री मनोज सिन्हा से आग्रह किया कि जम्मू कश्मीर में भिन्न भिन्न सरकारी विभागों के अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई करने के लिए जल्द ही कोई पॉलिसी बनाई जाए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अस्थाई ही सेवानिवृत हो गए हैं और कुछ होने की कगार पर है। जबकि अस्थाई कर्मचारियों के सहयोग से ही कुछ विभाग चलते है जिसका उदाहरण देते हुए उन्होंने जल शक्ति विभाग जो कि पहले पी. एच. ई विभाग के नाम से जाना जाता था । उस विभाग में वर्ष 1994 के बाद ऑपरेशनल स्टाफ की भर्ती आजतक नहीं हुई है, जबकि अरबों रुपए की नई स्कीमें उसके बाद लागू की गई हैं और यही डेली वेजर स्टाफ उनको चलाता आया है। लेकिन उनको ना तो समय पर वेतन मिलता है और जो वेतन मिलता भी है वह मिनिमम वेजेस एक्ट के तहत नहीं मिलता है। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है जिसके कारण उनको अपने परिवार के पालन पोषण में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि रियासी में चाहे कटरा वैष्णो देवी जो के बहुत बड़ा धार्मिक पर्यटक स्थल है वहां भी 80 प्रतिशत से भी ज्यादा अस्थाई कर्मचारियों की वजह से ही पेयजल आपूर्ति की



जा रही है और पूरे जम्मू कश्मीर में भी जितनी बड़ी बड़ी पेयजल की प्रोजेक्ट्स हैं उनको अस्थाई कर्मचारी ही चलाते हैं। विभिन्न विभागों में भी ऐसी ही स्थिति है चाहे वो विद्युत विभाग हो या कोई और विभाग हो, उन्होंने एल जी साहब से पुरजोर अपील की है कि जितने भी अस्थाई कर्मचारी हैं उनको नियमित करने के लिए जल्द से जल्द नीति बनाई जाए ताकि उनके साथ जो अन्याय हो रहा है वह बंद हो सके और मिनिमम वेजेस एक्ट की वॉयलेशन जम्मू कश्मीर में बंद हो सके। उन्होंने यह भी मुद्दा उठाया के कुछ अस्थाई कर्मचारियों से जल शक्ति विभाग ने यह कहकर की उनको स्थाई किया जाएगा उनकी हजारों कनाल जमीनें विभाग के नाम डोनेट करवाई लेकिन आजतक उनको भी स्थाई नहीं किया गया इस बारे में भी जांच की जाय और उनको स्थाई किया जाए। और अंत में उन्होंने यह भी अपील की के जल जीवन मिशन का कार्य जम्मू कश्मीर में जल्द पूरा किया जाय । वार्ता के दौरान विजय रस्याल (जम्मू कश्मीर यू. टी) भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य और हिम्मत सिंह भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

# मेडिकल ऑफिसर डॉ.निशांत यादव को मिला कोरोना योद्धा सम्मान

**दबोह( अर्पित गुप्ता)।** कोरोना काल मे डॉक्टरों की टीम जिस हौशले के साथ ढाल बनकर खड़ी रही वह वाकई में सराहनीय है।जिसके चलते मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना डॉक्टरों की कोरोना महामारी में मुख्य भूमिका मानते हुए उन्हें कोरोना योद्धा सेवा सम्मान से सम्मानित किया है।जिसके चलते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दबोह प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ.निशांत यादव को कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित किया है।यहां बताना मुनासिब होगा कि डॉ.निशांत यादव ने कोरोना काल मे अपनी अहम भूमिका निभाई है जिसके चलते उन्हें सम्मानित किया गया।



# तितलियों की विविध प्रजातियों को देख रोमांचित हुए प्रतिभागी

## तितलियों को जानिए विषय पर नेचर कैम्प आयोजित



**भोपाल ।** राज्य-स्तरीय वन्य-प्राणी सप्ताह-2020 के चौथे दिन प्रथम बार तितलियों को जानिए विषय पर आयोजित नेचर कैम्प में यूथ हॉस्टल, लेक सिटी यूनिट, वीएनएस ग्रुप, कैमरा क्लब इंदौर एवं भोपाल के प्रतिभागी तितलियों की विभिन्न प्रजातियों को देख कर रोमांचित हो उठे। इनमें तितलियों की प्रमुख प्रजाति कॉमन टाइगर, स्ट्रिप्ड टाइगर, ब्लू टाइगर, कॉमन ग्रास यलो, ग्रे पेनसी एवं कॉमन इण्डियन आदि प्रतिभागियों के लिये आकर्षण का केन्द्र रहीं। स्रोत व्यक्ति के रूप में श्री शुभरंजन सेन, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. संगीता राजगीर एवं मो. खालिक ने प्रतिभागियों को तितलियों की प्रजाति एवं उनकी विशेषताओं की जानकारी दी।

इसी दिन एक अन्य कार्यक्रम में विहार वीथिका में वन विहार कैम्प में शामिल प्रतिभागियों द्वारा एनीमल कीपर एवं स्टाफ के साथ परिचर्चा की गई। इसमें 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया। एनीमल कीपर्स द्वारा प्रतिभागियों को भालू, बाघ, तेंदुआ, गौर, हायना एवं सर्पों की देखभाल और उनके भोजन, उपचार आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर संचालक वन विहार श्रीमती कमलिका मोहंता एवं सहायक संचालक श्री ए.के. जैन ने पक्षियों, तितलियों एवं वन्य-प्राणियों के संबंध में प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया एवं भ्रांतियों को दूर कर उन्हें आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही केरवा स्थित गिद्ध प्रजनन एवं संरक्षण केन्द्र के प्रभारी डॉ. रोहन श्रृंगारपुरे ने मध्यप्रदेश में पाई जाने वाली गिद्धों की प्रजातियों के संरक्षण, संवर्धन एवं गिद्धों की मानव जीवन में उपयोगिता के संबंध में प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। जस्ट ए मिनट ऑनलाइन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग की 85 एवं सीनियर वर्ग की 80 प्रविष्टियों का मूल्यांकन निर्णायकों द्वारा किया गया। चयनित प्रविष्टियों का ऑनलाइन प्रसारण पर 6 अक्टूबर को शाम 4 से 5 बजे तक होगा।



### बेटे की चाहत में निर्दयी बनी मां

# 12 दिन की दुधमुंही बेटी को नदी में डुबोकर मार डाला

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में दिल को दहला देने वाली एक घटना सामने आई है। जिले के सलेहा थाना क्षेत्र के छिजौरा गांव में एक मां ने पुत्र की चाहत में 12 दिन की दुधमुंही बेटी की नदी में डुबोकर हत्या कर दी। यह दर्दनाक घटना 29 सितंबर की है। पिता ने अपनी 12 दिन की बच्ची की गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस दौरान आरेपी मां पुलिस व परिजनों को गुमराह करती रही। बाद में उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। पुलिस ने शनिवार को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। दिनेश (27) पिता रामाधार कुशवाहा ने बताया कि 29 सितंबर की रात को वह, पत्नी सुमन कुशवाहा और साला देवीदीन सो रहे थे। सुबह करीब चार बजे पत्नी ने जगाकर बताया कि वह नित्य क्रिया के लिए गई थी, जब वापस आई तो बच्ची चारपाई में नहीं मिली। दूसरे दिन सलेहा पुलिस व डायल 100 ने तलाश शुरू की तो गुड़ने नदी में नवजात का शव पानी में तैरता मिला। पुलिस ने जब मृतका की मां व पिता सहित अन्य परिजनों से पूछताछ की तो आरोपित सुमन कुशवाहा ने बताया कि वह बेटी के जन्म से संतुष्ट नहीं थी। वह बेटा चाहती थी। रात में उसने दुधमुंही बच्ची को उठाकर गुड़ने नदी के पनघटा घाट में ले जाकर डुबो दिया। इसके बाद बच्ची के गुम होने की कहानी बताकर पति को गुमराह करने लगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

# 10 व्यक्तियों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजीटिव प्राप्त हुई

## वर्तमान में कोरोना एक्टिव/पॉजीटिव की संख्या 288 है

**सीहोर ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि 10 व्यक्तियों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजीटिव प्राप्त हुई है। नसरुल्लागंज के सुदामापुरी से 1 व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। बुदनी से 6 व्यक्तियों की जांच रिपोर्ट पॉजीटिव आई है जो वार्ड नंबर 12 एवं 10 के निवासी हैं। सीहोर के हाउसिंग बोर्ड से 1 तथा कस्बा से 2 व्यक्तियों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजीटिव प्राप्त हुई है। जिले में एक्टिव/ पॉजीटिव व्यक्तियों की कुल संख्या 288 हो गई है। आज 40 व्यक्तियों को रिकवर होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। जिले में रिकवर होने के उपरांत डिस्चार्ज किए गए व्यक्तियों की संख्या बढ़कर 1300 हो गई है। जिले संक्रमण से मृत्यु संख्या 34 हो गई है।

आज 191 व्यक्तियों के सैम्पल कोरोना जांच हेतु लिए गए है। सीहोर शहरी क्षेत्र से आज 18 सैम्पल जांच हेतु लिए गए है। श्यामपुर से 26 सैंपल लिए गए है, आष्टा से 56, नसरूल्लागंज के 70 बुदनी के 1 तथा इछावर के 20 सैम्पल कोरोना जांच हेतु लिए गए है। आज पॉजीटिव मिले नए कंटेनमेंट जोन सहित समस्त कंटेनमेंट एवं बफर जोन में स्वास्थ्य दलों द्वारा सघन स्वास्थ्य सर्वे किया जा रहा है। वहीं पॉजीटिव मिले व्यक्तियों के करीबी संपर्क वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनकी सूची तैयार की जा रही है। प्रत्येक कंटेनमेंट जोन में सर्वे के लिए एक से दो दल लगाए गए है । सर्वे दल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को बनाया गया है तथा स्वास्थ्य सर्वे दल में ए.एन.एम. आशा कार्यकर्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में कुल कोरोना पॉजीटिव व्यक्तियों की संख्या 1622 है जिसमें से 34 की मृत्यु हो चुकी है 1300 स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो गए है तथा वर्तमान में 288 सैंपल जांच हेतु लिए गए। जिले से अब तक कुल 25357 सेम्पल जांच के लिए भेजे गए थे जिनमें से 22575 सेंपलों की रिपोर्ट अब तक निगेटिव प्राप्त हुई है। आज 218 सैंपलों की रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई है। कुल 1092 सैंपलों की रिपोर्ट आना शेष है। पैथालॉजी द्वारा कोरोना वायरस सेंपल की रिजेक्ट संख्या कुल 71 है। जिले में कुल कंटेंमेंट एरिया 369 है जिनमें से 79 एक्टिव एवं 290 इनेक्टिव एरिया हैं। जिले में जो व्यक्ति होम क्वारंटाइन में है उनके निवास स्थान से सीधे संवाद हेतु जिला स्तरीय कोविड-19 काल सेंटर स्थापित किया गया है जिसका संपर्क नंबर-7247704181 है कोविड-19 से संबंधित जानकारी इस संपर्क नंबर पर ली व दी जा सकती है। वहीं जिला चिकित्सालय सीहोर में टेलीमेडिसीन के लिए संपर्क नंबर 07562-401259 जारी किया गया है तथा राज्य स्तर पर 104/181 नंबर पर काल करके भी टेलीमेडिसीन सेवा का लाभ लिया जा सकता है। 104 नंबर पर ई-परामर्श सेवा का भी लाभ लिया जा सकता है। ई-संजीवनी ओपीडी सेवा हेतु 222.द्गह्यड्डठ्ठद्भद्गद्ग1ड्डठ्ठद्बश्वस्त्र.द्बठ्ठ पंजीयन कराया जा सकता है। कलेक्टेट कार्यालय सीहोर में भी जिला स्तरीय काल सेंटर बनाया गया है जिसका संपर्क नंबर 07562-226470 है तथा होम क्वारंटाइन व्यक्तियों तथा उनके परिजनों के लिए हेल्पलाइन नंबर 18002330175 जारी किया गया है। जिस पर संस्थागत क्वारंटाइन अथवा होम क्वारंटाइन व्यक्ति अथवा उनके परिजन इमोशनल वेलनेस अथवा साईकोलाजिकल सपोर्ट एवं अन्य जरूरी परामर्श मानसिक सेवा प्रदाताओं से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है।

## नवीन मान्यता तथा नवीनीकरण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 18 नवंबर

**सीहोर।** वर्ष 2021-2022 में नवीन मान्यता तथा नवीनीकरण के लिए एमपी ऑनलाईन के मान्यता पोर्टल पर आवेदन किए जाने की तिथियों का उल्लेख किया गया है। कोविड-19 के कारण स्कूल संचालकों द्वारा अपनी समस्याओं का उल्लेख करते हुए अब मान्यता पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 18 नवंबर निर्धारित की गई है। इस संबंध में लोक शिक्षण की आयुक्त जयश्री कियावत ने समस्त संभागीय संयुक्त संचालक एवं समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर सूचना दी है। उन्होंने कहा कि मान्यता नवीनीकरण के लिए एमपी ऑनलाईन के मान्यता पोर्टल पर सभी दृष्टियों से पूरी तरह भरे हुए आवेदन पत्र अवलोड करने की तिथि 18 नवंबर है। वहीं 8 दिसंबर तक संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित दल के द्वारा किए गए निरीक्षण उपरांत अपनी अनुशंसा सहित प्रतिवेदन संभागीय संयुक्त संचालक को भेजना होगा। इसके पश्चात 31 दिसंबर तक संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा नवीन मान्यता प्रकरणों/नवीनीकरण प्रकरणों में निर्णय लेने की अवधि रहेगी। आयुक्त श्रीमती कियावत ने कहा कि 28 फरवरी 2021 तक आयुक्त लोक शिक्षण द्वारा नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के प्रकरणों में ऑनलाईन प्राप्त प्रथम अपील के निराकरण की अवधि तथा 16 मार्च तक जिन संस्थाओं के आवेदन आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, मप्र स्तर पर निरस्त हुए है, उनके द्वारा मान्यता समिति को ऑनलाईन द्वितीय अपील की अवधि रहेगी। जबकि 15 अप्रैल तक मान्यता समिति द्वारा नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के प्रकरणों में ऑनलाईन प्राप्त द्वितीय अपील के निराकरण की अवधि तथा मान्यता प्राप्त होने के बाद मंडल द्वारा निर्धारित तिथि तक संस्था द्वारा संबद्धता शुल्क जमा किए जाने पर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संबंद्धता दिया जाना रहेगा।

## रैगिंग से तंग आकर जबलपुर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने की आत्महत्या, पहले भी हुई रैगिंग पर प्रबंधन ने नहीं लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में रैगिंग से तंग आकर एक डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली। एक अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल नंबर तीन में डॉ. भागवत देवांगन का शव बरामद किया गया था। मृतक डॉक्टर छत्तीसगढ़ के जांजगीर राहौद नगर पंचायत का रहने वाला था। जबलपुर पहुंचे परिजनों ने पुलिस से जो शिकायत की उसके बाद जांच अधिकारियों के होश उड़ गए। दरअसल, यह मामला रैगिंग से जुड़ा हुआ सामने आया है। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि डॉक्टर देवांगन ने बीते 24 जुलाई को भी रैगिंग से तंग आकर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसके बाद पांच डॉक्टर्स के नाम सामने आए थे। कॉलेज प्रबंधन ने उन पांचों डॉक्टर्स पर कोई कार्रवाई नहीं की। एक बार फिर जब वह अपने घर से वापस पढ़ाई के लिए हॉस्टल पहुंचा तो उसके साथ फिर रैगिंग शुरू कर दी गई, जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी, कॉलेज के डीन सहित साथी जूनियर और सीनियर डॉक्टर से पूछताछ कर मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने मृत डॉक्टर का स्मार्टफोन कब्जे में ले लिया है। इसके जरिए आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है। प्राथमिक जांच पूरी होने के साथ ही अपराधियों के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि बीते वर्ष ही जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें सीनियर डॉक्टर द्वारा जूनियर डॉक्टर की खुले में रैगिंग ली जा रही थी। लंबे समय से इस तरह की रैगिंग से जुड़े मामले सामने आने के बाद भी कॉलेज प्रबंधन द्वारा कोई सख्त कदम नहीं उठाना सवालों के घेरे में है।

# प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली समय सीमा बैठक हेतु विभागवार समय सारणी निर्धारित

**सीहोर ।** कलेक्टर श्री अजय गुप्ता द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली समय सीमा बैठक के लिए विभाग वार समय सारणी तैयार की गई है। समस्त ब्लॉक स्तरीय विभागीय अधिकारी पूर्व की भांति ब्लॉक स्तर से ही वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समय सीमा बैठक में उपस्थित रहेंगे। जारी की गई सारणी के अनुसार ग्रुप्र में प्रातः 10-30 से 11-30 बजे तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, वन मंडल अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट, अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला सूचना अधिकारी एनआईसी, प्रबंधक ई गवर्नेंस, सहायक लोक स्वास्थ्य सेवा प्रबंधक, ग्रुप क्रमें प्रातः 11-30 से 11-00 बजे तक कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, सीहोर, बुधनी, नसरुल्लागंज, कार्यपालन यंत्री पीआईयू, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क इकाई, कार्यपालन यंत्री सिंचाई, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यपालन यंत्री कोलार सीप लिंक रेट, कार्यपालन यंत्री कोलार नसरुल्लागंज, ग्रुप ष्ट मे प्रातः 11-50 से 12-00 बजे तक अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल, कार्यपालन यंत्री विद्युत मंडल, डीईइ विद्युत मंडल आष्टा, नसरुल्लागंज, बुधनी, ग्रुप ष्ठ में 12-00 बजे से 12-30 बजे तक उप संचालक कृषि, जिला खाद्य अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक, उपपंजीयक सहकारी समितियां, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, शाखा प्रबंधक वेयर हाउस, जिला प्रबंधक एमपी एग्रो, इफकोप, सहायक संचालक उद्यान, जिला प्रबंधक अग्रणी बैंक, ग्रुप श्च में दोपहर 12-30 बजे से 12-45 बजे तक उप संचालक पशु चिकित्सा, उप संचालक पंचायत, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रुप स्र में दोपहर 12-45 से 1-00 बजे तक जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, समन्वयक राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा मिशन, जिला श्रम पदाधिकारी, कार्यपालन अधिकारी अंत्याव्यवसायी, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र, प्रबंधक खादी ग्राम उद्योग, सहायक संचालक मत्स्य, ग्रुप त्न में दोपहर 1-00 से 1-30 बजे तक जिला खेल अधिकारी, जिला योजना अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण, हाथकरघा, मंडी सचिव, अक्षय ऊर्जा अधिकारी, जिला कोषालय अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला खनिज अधिकारी, जिला पंजीयक, जिला परिवहन अधिकारी, नापतोल निरीक्षक सीहोर, आष्टा इछावर, नसरुल्लागंज की समय सारणी निर्धारित की गई है।



## झगड़ा सुलझाने पहुंची पुलिस टीम पर पथराव, 9 पुलिसकर्मी घायल

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में दो परिवारों का झगड़ा सुलझाने पहुंची पुलिस को बीचबचाव करना भारी पड़ा। विवाद की सूचना पर मूडराखुर्द गांव पहुंची पुलिस पर लोगों ने पथराव पथराव कर दिया। इसमें 9 पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक आरक्षक को बंधक बनाकर उसे पीटा गया। पथराव में डायल 100 वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात साढ़े 8 बजे राजाराम अहिरवार और वीरेंद्र रघुवंशी के बीच सुपारी खिलाने को लेकर बहसबाजी शुरू हुई थी। विवाद बढ़ता देख एक पक्ष ने डायल 100 को इसकी सूचना दे दी। सूचना पर आरक्षक सुनील रघुवंशी व डायल 100 का ड्राइवर मौके पर पहुंचे। दोनों में विवाद नहीं सुलझा तो थाने से और पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस टीम पहुंची तभी पथराव शुरू हो गया। पथराव में पुलिसकर्मी राममोहन दुबे, दुर्गा प्रसाद, प्रदीप रघुवंशी, शांति रघुवंशी, जितेंद्र पाल, मनमोहन लोधी, डिकलेश धाकड़ और रंजीत रघुवंशी चोटिल हो गए। वहीं, अहिरवार परिवार का कहना है कि आरक्षक ने दूसरे पक्ष के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की। राघौगढ़ एसडीओपी वीपी तिवारी व थाना प्रभारी पीपी मुदगल ने बताया कि विवाद की सूचना पर आरक्षक सुनील रघुवंशी जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की। अहिरवार परिवार के लोगों ने आरक्षक को बंधक बना लिया। उसके साथ मारपीट की, जिससे उसका पैर टूट गया। जब और पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो लोग पथराव करने लगे। पुलिस ने इस मामले में 25 लोगों पर मामला दर्ज किया है।

## भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किये जाने वाले प्रस्तावों का परीक्षण करने स्क्रीनिंग कमेटी गठित

**रायसेन।** विधानसभा उप निर्वाचन-2020 की आचार संहिता प्रभावशील होने से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किये जाने वाले प्रस्ताव का परीक्षण/अनुशंसा करने के लिये राज्य शासन द्वारा स्क्रीनिंग कमेटी गठित की गई है। इस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग तथा जिस विभाग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा, उसके अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव भी कमेटी के सदस्य होंगे। जारी आदेश के मुताबिक अब कोई भी विभाग विधानसभा उप निर्वाचन के संदर्भ में जारी आचार संहिता के दौरान अपना प्रस्ताव स्क्रीनिंग कमेटी के परीक्षण/अनुशंसा के पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से अथवा सीधे भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित नहीं करेगा। स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करने के पूर्व प्रशासकीय विभाग भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों/स्पष्टीकरण का पर्याप्त अध्ययन और उसके अनुसार परीक्षण करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के सुसंगत निर्देशों/आदेशों का हवाला देते हुए उसे संदर्भित करेगा। प्रशासकीय विभाग को अपने प्रस्ताव में यह औचित्य भी दर्शाना होगा कि प्रस्ताव अत्यंत महत्वपूर्ण क्यों है और निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक इसे क्यों नहीं रोका जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाने वाला प्रस्ताव स्वयं स्पष्ट टीप के रूप में भेजा जायेगा न कि नस्ती के रूप में। प्रस्ताव भेजने के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय में लगने वाले संभावित समय का विशेष ध्यान रखना होगा। प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जायेंगे। जो प्रस्ताव उक्त मापदण्डों की पूर्ति करते हुए नहीं होंगे, उन्हें लौटा दिया जायेगा।

# वृक्षों को बचाने के लिये धेनु सेवा संस्थान ने दिखाई नई राह

**अनूपपुर।** क्या आप जानते हैं कि अनूपपुर जिला अन्तर्गत अमरकंटक के तीस से अधिक छोटे - बड़े आश्रमों तथा पचास से अधिक छोटे - बड़े होटलों में प्रतिमाह हजारों क्विंटल लकड़ियाँ जलाई जा रही हैं ? क्या आपको यह पता है कि एक शवदाह के लिये यदि बारिश के मौसम में गीली लकड़ियाँ टाल से मिल जाए तो अंतिम संस्कार में कितनी परेशानी होती है ? क्या आप यह जानते हैं कि ईंधन के लिये लकडियों की वैध - अवैध आपूर्ति के कारण तेजी से वृक्ष काटे जा रहे हैं। जिसके कारण हमारे आसपास के जंगल तेजी से सिकुड़ने लगे हैं। ऐसे ही प्रश्नों का हल निकालने के लिये शहडोल के सतगुरु परिवार की धेनु सेवा संस्थान ने बीड़ा उठाया है। घायल, बीमार ,भूखी - प्यासी गायों की सेवा के लिये विख्यात यह संस्थान अब गौ पालन को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का सफल प्रयास कर रहा है। धेनु सेवा संस्थान अब गाय के पवित्र गोबर से लकड़ी का अधिक बेहतर विकल्प तैयार कर रहा है। गाय के गोबर से बने कंडों से आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में भोजन बनाया जाता है। हवन आदि तमाम शुभ कर्म गाय के गोबर से बने कंडों को जला कर किया जाता है। अब सतगुरु परिवार का यह प्रयास है

### शवदाह के लिये हमेशा उपलब्ध है सूखी गौकाष्ठ

कि धेनु सेवा संस्थान लोगों को यह सुविधा उपलब्ध कराये कि लोग शवदाह लकडियों से ना करके गाय के गोबर से बने गौ काष्ठ से करें। अमरकंटक के आश्रमों में जंगल की लकडियों की जगह गोबर से बनी गौ काष्ठ का प्रयोग करें। यदि समाज तथा प्रशासन लकडियों की जगह गौ काष्ठ की स्वीकार्यता बनाले तो आश्रम - होटलों की धूनी एवं भट्ठियों में जंगलों की बेशकीमती लकडियों की जगह गौ काष्ठ का उपयोग होने लगेगा। इससे प्रतिवर्ष हजारों पेड़ों को जीवनदान मिलने से पर्यावरण अधिक स्वच्छ, अधिक स्वस्थ हो जाएगा । सतगुरु परिवार के धेनु सेवा संस्था से जुड़े आनंद मिश्रा , अरिमर्दन द्विवेदी, विनय पाण्डेय, वसुराज शुक्ला, अमन द्विवेदी, श्रेष्ठा द्विवेदी, शौर्य तथा सुबोध मिश्रा की टीम गोबर गौ काष्ठ बनाने मे मदद कर रही है। यह संस्थान शहडोल में गोबर से गौकाष्ठ बनाने का पुनीत काम कर रहा है। आनंद मिश्रा कहते हैं कि लकडियों की तुलना में गौकाष्ठ उसके बराबर या उससे थोड़ी मंहगी लग सकती है लेकिन ऐसा है नहीं । लकडियों की तुलना मे गौकाष्ठ से कम धुंआ निकलता है ,जिसका लाभ व्यक्ति के स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को संरक्षित करने में होता है। वातावरण भी पवित्र रहता है। बारिश के दिनों में जब लकड़ियाँ गीली होती है तो उसे जलाने में भी परेशानियों का सामना करना पडता है। जबकि गौ काष्ठ सूखी होने के कारण तेजी से आग पकडती है तथा तेज गर्मी पैदा करती है।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा दुख व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा जिले के गंजबासोदा निवासी वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी और पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत श्री अनिल यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री अनिल यादव ने जीवन को रचनात्मक ढंग से जिया। पशु पक्षियों के संसार में जाकर उन्होंने लघु फिल्में भी बनाई। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में यादगार कार्य किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समाजसेवी और राष्ट्रवादी विचारक श्री आलोक मेहता, सागर के निधन पर भी गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा की श्री मेहता ने महाकौशल और बुंदेलखंड अंचल में महत्वपूर्ण सेवाएं दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सोयाबीन पुस्तक के लेखक और भोपाल निवासी साहित्यकार श्री महेश नेनवानी के निधन पर भी दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सीहोर जिले के नसरुल्लागंज के ग्राम भादाकुई के युवा श्री निखिल और श्री प्रदीप मीणा के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिजन को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है और दिवंगत व्यक्तियों को श्रद्धांजलि दी।

# रासायनिक रोगाणु-नाशक द्रव्यों का उपयोग निर्जीव वस्तुओं को डिसइन्फेक्ट करने के लिये है

**रायसेन।** कोविड-19 प्रबंधन के लिये व्यक्तियों पर किसी भी परिस्थिति में डिसइन्फेक्टेड, रोगाणु-नाशक द्रव्यों का छिड़काव नहीं किया जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस संबंध में पारित आदेश के तारतम्य में स्वास्थ्य आयुक्त द्वारा सभी कलेक्टर, आयुक्त नगरीय प्रशासन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक को निर्देश प्रसारित किये गये हैं, जिसमें निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। स्वास्थ्य आयुक्त द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि रासायनिक रोगाणु-नाशक द्रव्यों का उपयोग कोविड-19 के संदिग्ध अथवा पुष्ट रोगियों के उपयोग और बार-बार सम्पर्क में आने वाले स्थलों और सतहों पर ही किये जाने की अनुशंसा की गई है। किसी भी परिस्थिति में व्यक्तियों अथवा समूहों पर रोगाणु-नाशक द्रव्यों के छिड़काव की अनुशंसा नहीं की गई है। रोग उत्पन्न करने वाले कीटाणु और अन्य हानिकारक सूक्ष्म विषाणुओं को नष्ट करने की क्षमता रोगाणु-नाशक रासायनिक द्रव्यों में होती है। रोगाणु-नाशक रासायनिक द्रव्यों के तीव्र रासायनिक गुण-धर्म को ध्यान में रखते हुए इन द्रव्यों और रसायनों का प्रयोग निर्जीव वस्तुओं को डिसइन्फेक्ट करने के लिये किया जाता है। कोविड-19 के संदिग्ध अथवा पॉजिटिव व्यक्तियों की बाहरी त्वचा पर रोगाणु-नाशक छिड़काव करने का कोई लाभ नहीं होता, क्योंकि शरीर में प्रवेश कर चुके वायरस पर इन द्रव्यों का कोई प्रभाव नहीं होता। इसके साथ ही इसके भी वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं। क्लोरीन के छिड़काव के दौरान सम्पर्क में आने से आँखों अथवा त्वचा में जलन हो सकती है। पाचन प्रक्रिया पर दुष्प्रभाव और सोडियम हाइपोक्लोराइट रसायन के इन्हेल करने से नाक, गला और श्वसन तंत्र में जलन हो सकती है। इन्हीं सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए निर्देश जारी किये गये हैं।

## जिला स्वीप समिति की बैठक आज

**रायसेन।** जिले के विधानसभा क्षेत्र 142-सांची में होने वाले उपचुनाव-2020 में मतदान हेतु मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी। स्वीप के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यो की समीक्षा तथा आगामी कार्ययोजना के लिए 05 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्वीप समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित नोडल अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

सम्पादकीय

# एक बड़े फैसले के अनेक पहलू

फैसला नया है, लेकिन कई जरूरी पुरानी यादें ताजा हो गई हैं।16वीं सदी में मुगल बादशाह बाबर के दौर में बनी बाबरी मस्जिद को 6 दिसंबर, 1992 को ढहाने के बाद पूरे देश में सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया था। तब इस घटना के संबंध में दो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज हुई थीं। पहली रिपोर्ट में कारसेवकों को आरोपी बनाया गया था। दूसरी रिपोर्ट में रामकथा पार्क मंच से भाषण दे रहे भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, विश्व हिंदू परिषद के तत्कालीन महासचिव अशोक सिंघल, बजरंग दल के नेता विनय कटियार, उमा भारती, साध्वी ऋतंभरा, मुरली मनोहर जोशी, गिरिराज किशोर और विष्णु हरि डालमिया नामजद किए गए थे। 6 दिसंबर, 1992 की घटना से पहले अक्तूबर 1990 में हजारों रामभक्तों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी नीतियों के विरोध में अयोध्या में घुसकर विवादित ढांचे पर भगवा ध्वज फहरा दिया था। इस पर तत्कालीन राज्य सरकार ने कारसेवकों पर गोली चलाने के आदेश दिए थे। इस कार्रवाई के विरुद्ध काफी विरोध प्रदर्शन होने पर मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। दो साल बाद 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी मस्जिद ढहा दी गई। एक अस्थाई श्रीराम मंदिर का निर्माण किया गया। 16 दिसंबर, 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस की जांच के लिए एमएस लिब्रहान आयोग का गठन हुआ। रामलला की दैनिक सेवा पूजा की अनुमति दिए जाने के संबंध में अधिवक्ता हरिशंकर जैन और इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दायर की गई, जिसमें 1 जनवरी, 1993 को रामलला की दैनिक सेवा पूजा की अनुमति प्राप्त हुई। तब से वहां दर्शन-पूजन का क्रम निर्बाध रूप से जारी रहा है। तत्कालीन नरसिंह राव सरकार रामलला की सुरक्षा के लिए लगभग 67 एकड़ जमीन अधिगृहीत करने के संबंध में एक अध्यादेश लेकर आई, जिसे संसद ने 7 जनवरी,1993 को कानून के रूप में मान्यता दे दी। इस मामले में एक दिलचस्प मोड़ आया, वर्ष 1993 में, जब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ शंकर दयाल शर्मा ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक प्रश्न किया कि क्या जिस स्थान पर ढांचा खड़ा था, वहां बाबरी मस्जिद के निर्माण से पहले कोई मंदिर या धार्मिक इमारत थी? इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की पीठ में दो न्यायाधीशों ने कहा था कि इस प्रश्न का उत्तर तो तभी दिया जा सकता है, जब पुरातत्व विभाग एवं इतिहासकारों के विशिष्ट साक्ष्य उपलब्ध हों। इस प्रश्न पर सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। जवाब में तत्कालीन सॉलिसिटर जनरल ने 14 सितंबर,1994 को अदालत में अयोध्या मसले पर सरकार का नजरिया रखा था कि सरकार धर्मनिरपेक्षता और सभी धर्मावलंबियों के साथ समान व्यवहार की नीति पर कायम है। अयोध्या में जमीन अधिग्रहण कानून 1993 और राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखा गया प्रश्न भारतीय नागरिकों में भाईचारा बनाए रखने के लिए है। 24 अक्तूबर, 1994 को सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्देशित किया था कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ विवादित स्थल के स्वामित्व का निर्णय करेगी और राष्ट्रपति द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब देगी। तीन न्यायमूर्तियों की लखनऊ खंडपीठ की पूर्ण पीठ ने वर्ष 1995 में मामले की सुनवाई शुरू की। लखनऊ खंडपीठ ने सही तथ्यों का पता लगाने के लिए विवादित स्थल की खुदाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, यह भी कहा कि खुदाई में पूरी पारदर्शिता और दोनों समुदायों की मौजूदगी व सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। जनवरी 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा अपने कार्यालय में एक अयोध्या विभाग गठित किया गया, जिसका काम राम जन्मभूमि विवाद को सुलझाने के लिए दोनों संप्रदायों से बातचीत करना था। वर्ष 2003 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने अयोध्या में खुदाई की। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का दावा था कि मस्जिद के नीचे मंदिर के अवशेष होने के प्रमाण मिले हैं। आखिरकार लंबी जद्दोजहद के बाद नवंबर 2019 में अदालत ने विवादित स्थल के स्वामित्व का फैसला सुना दिया था और अब अयोध्या में शांतिपूर्वक मंदिर एवं मस्जिद का निर्माण जारी है। इसके बाद सभी को बाबरी विध्वंस मामले पर फैसले का इंतजार था और सीबीआई की विशेष अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 32 आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है। 28 साल बाद हिन्दुस्तान के एक सबसे बड़े मुकदमे का न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार निर्णय हुआ है। न्यायालय ने अपने निर्णय में यह भी कहा कि जितने भी वीडियो कैसेट और फुटेज सीबीआई ने विवेचना के दौरान दिए, वे सीलबंद अवस्था में नहीं थे। किसी भी वीडियो कैसेट और फुटेज को विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजकर यह जांच नहीं कराई गई कि उनके साथ छेड़छाड़ हुई है या नहीं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के अस्तित्व में आने के बाद 17 अक्तूबर, 2000 को भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की धारा-3 में संशोधन करते हुए इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों को भी अब साक्ष्य की परिभाषा में शामिल कर लिया गया है, लेकिन विध्वंस से जुड़े फोटो के नेगेटिव साक्ष्य में दाखिल नहीं किए गए थे। इसके कारण ये फोटो भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों के तहत साक्ष्य के रूप में नहीं माने गए। इसके अलावा, विशेष अदालत ने यह भी कहा कि समाचार पत्रों/ पत्रिकाओं में छपी खबरें मात्र अनुश्रुत साक्ष्य की श्रेणी में आती हैं, जिनके आधार पर दोष सिद्ध करना विधिपूर्ण नहीं माना जा सकता। यह गौर करने वाली बात है कि बाबरी मस्जिद को ढहाने की किसी पूर्व नियोजित योजना को अभियोजन पक्ष न्यायालय में साबित नहीं कर सका। सर्वोच्च न्यायालय पहले कह चुका है कि संदेह कितना भी गहरा क्यों न हो, वह साक्ष्य का स्थान नहीं ले सकता।

## फिर क्यों बेटी से अत्याचार



कहते हैं एक मीठी सी मुस्कान है बेटी,
बेटी भार नहीं, जीवन का है आधार।
हर परिवार के कुल को बढ़ाती बेटियां,
फिर भी उन पर क्यों इतना है अत्याचार।।
खिलती हुई कलियां है बेटी,
अपने ही घर पे बेटियां है लाचार।
जीवन हैं उसका अधिकार,
फिर भी बेटी की जिंदगी से है क्यों व्यापार।।
कहीं दरिंदो की है शिकार,
तो कहीं पर शोषण का बाजार।
शिक्षा और सुरक्षा हैं उसका हथियार
फिर भी बेटियों से है क्यों दुराचार।।
दहेज के खातिर तड़पाई जाती हैं बेटियां
कही पे भ्रूण हत्या का है प्रहार।
कभी अंधेरी गलियों में हुई शिकार,
चिल्लाकर करती अपनो को अकेले पुकार।।
इस धरती की ताज है बेटियां,
फिर बेटी से ऐसा क्यों है व्यवहार।
बिटिया मेरी कहती बाहें पसार
उसको चाहिए बस प्यार और दुलार।।

**गोपाल कृष्ण पटेल जी1**
**दीनदयाल कॉलोनी**
**जांजगीर छत्तीसगढ़**

## नारी



जीवन की जननी है कुदरत का अभिमान है
कहलाए नारी वो ईश्वर भी करता उसका सम्मान है,
मां बनकर तुम्हें बुरी नज़रों से बचाती
कोई भी दुख तुम्हारा देख नहीं पाती
तुम्हारे में ही बस्ती हरदम उसकी जान है,
बहन बनकर मांगती तुम्हारे लिए दुआएं
सुनती तुम्हें और अपने सर लेती तुम्हारी बलाएं
सह नहीं पाती तुम्हारा जो अपमान है,
पत्नी बनकर सुख दुख सारे साथ निभाती
प्रेम देकर तुम्हारे जीवन में स्थिरता लाती
कठिन जीवन को बनाती आसान है,
बेटी बनकर देती तुम्हारे नाम को आधार
घर की रौनक बनती ना करती तुम्हें लाचार
कन्यादान का पुन्य दिलाती करती तुम्हें महान है,
सबके घर बसने वाला एक सा वरदान है
सम्मान करो ! दो इनको जो इनका स्थान है।

**कवि स्वामी दास**

**घोषणा- प्रस्तुत रचना मेरी मौलिक रचना है और ये किसी भी कॉपीराईट का उलंघन नहीं करती हैं।**

**परिचय-**
**कवि स्वामी दास (क़लम नाम)**
**दीपक राणा**
**एम. बी. ए. (इन्फोर्मेशन सिस्टम)**
**स्वतंत्र कविता लेखन**

## सभंल जाओ ,हे ! पुरुष



हे ! पुरूष क्यों रौंदते हो मेरा ही अस्तित्व तुम
क्या तुम्हें तनिक भी लज्जा नही आती ?
जिस योनि से होते तुम अवतरित ,
उसी का करते हो हनन तुम
धिक्कार है तुम्हारी घृणित मानसिकता पर
जो एक इंसान और जीव के भेद को न
समझ पाए
बलात्कार एक स्त्री का नही,अपितु
अपनी कुंठित सोच
अपनी परवरिश,अपनी कोख का करते हो तुम
सभंल जााओ वर्ना कहीं ऐसा न हो कि नारी
जन्म देने के अधिकार से ही वंचित न कर दे तुम्हें .......

**रश्मि वत्स**
**मेरठ( उत्तर प्रदेश)**

## अम्बाह अतिक्रमण को देखते हुऐ पुलिस व प्रसाधन ने निकाला पैदल फ्लैग मार्च...

**केशब पडिंत जी अम्बाह**



**अम्बाह।** आदर्श आचार्य सहिंता के दौरान अम्बाह में आज पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया जिसमे अम्बाह एसडीएम राजीब समाधिया व एसडीओपी अशोक सिह जादौन व थाना प्रभारी योगेन्द्र सिह जादौन ने आमजन को समझाइस दी कि आज हम सभी को कडी चेताबनी देते है कि अम्बाह में अतिक्रमण के कारण राहगीरो को काफी परेशानी पड रही है है और शिकायते मिलरही है और देखने मे आया है कि दुकानदार भाई पैसा लेके अपनी अपनी दुकानो के सामने हाथ ठैला लग़बा लेते जो अतिक्रमण के दायरे मे आता है तो अब ठैला बाले सहित दुकानदार पर कारबाही की जाबैगी जिससे आज फ्लैग मार्च के दौरान सभी को अबगत कराया जारहा है कि अपनी अपनी दुकाने नियति स्थान तक ही लगाये और बाजार मे होरही असुबिधा मे सहयोग करे यह फ्लैगमार्च आज स्टेट बैक से लेकर तहसील होकर नगरपालिका चौराहै से जाते हुये पोरसा चौराहे ठैले बालो को समझाइस देते हुऐ सब्ज़ी मण्डी रोड तक आज समझाइस दी है समझाइस दी कल से नगरपालिका के अमले के साथ अतिक्रमण मे पाई दुकानो नगरपालिका के हाले कर कारबाही की जाबैगी जिससे इस प्लैंक मार्च के दौरान दीगई समझाइस का बिशेष ध्यान रखे और कारबाही से बचे...

# 'पीड़ एक विधवा की'



आज सत्य के करीब खड़ी हूँ साक्षात नहीं तुम उस ध्रुव तारे से झिलमिलाते मेरी कल्पनाओं के आसमान में विराजमान हो। हर वक्त तुम्हीं को ढूँढ़ती रहती हैं आँखें, मन का हर कोना काटने को दौड़ता है। दीवारें भी अब आवाज़ वापस नहीं करती काश कहीं से अचानक आकर तुम बोल दो कुछ अल्फाज़ मेरी पलकों पर अपनी हथेलियाँ दबा कर। तुम्हारी खुशबू से सराबोर कमरे में रखी हर वो चीज़ में रची बसी महक याद दिलाती है तुम्हारी। हर करवट पर बिस्तर की खाली दूसरी बाजू पर हथेलियों का स्पर्श नैंनो को भीगो जाता है। आराम कुर्सी का हवा के झोंके से ड़ोलना और उस आहट पे मन का आह भरना दर्द की गर्द में ढ़ह जाता है मेरा वजूद। भोर की गाढ़ी नींद भी हल्की सी आहट से उड़ जाती है लगता है की हर आहट तुम्हारी है। लाख न चाहने पर भी तुमसे जुड़ी हर चीजें तुम्हारी याद दिलाती हैं। वो नीली वाली शर्ट, वो कैप, वो घड़ी, ओर वो पेन जब-जब देखती हूँ तुम करीब ओर करीब महसूस होते हो। वो गाना जो तुम दिन में मेरे कानों में असंख्य बार गुनगुनाते थे वो कहीं से बजने पर कानों में मानों शीशा घोलता है। मेरा मन तुम्हारे खालीपन को भरने से इंकार करता है। तुमसे वाबस्ता हर बात तुम्हारी यादों के एहसास को जीवंत कर देती है। क्या करूँ दुनिया की कोई शै तुम्हारी कमी को पूरा करने में असमर्थ है। क्या अब कभी तुम्हें देख नहीं पाऊँगी, छू नहीं पाऊँगी, मिल नहीं पाऊँगी।ये कैसा दस्तूर है ज़िंदगी का करोड़ों के मजमे में एक तुम ही नहीं हो। पर मेरी आस का पंछी कितना मासूम कितना भोला बैठा रहता है बस एक तुम्हारे खयालों की मुंड़ेर पर। न उड़ता है ना चहकता है। नम आँखों से उसी दिशा को तकता है चार काँधे पर चढ़कर जिस दिशा में तुम चले गए। बस उम्मीद के दाने चुगता है ड़रता है कहीं बिखर न जाये वो लम्हें जो बिताये थे कभी तुम्हारे साथ शाम के साये में। सहज कर रखे है परवाज़ में तेरे सारे वादे तेरी सारी यादें। देखता रहता है उन लम्हों के लम्स महसूस करता है तुम्हारे स्पर्श की खूश्बू जो आज भी महकती है मेरी रुह में उम्मीद का दामन थामें। इन्तज़ार का आशियाना बाँधे तो बैठा है पर मासूम कहाँ जानता है जाने वाले कहाँ लौटकर आते है सिर्फ़ उनकी याद आती है।

**(भावना ठाकर बेंगुलूरु)प्तभावु**

## कांग्रेस विचार विभाग की जिला कार्यकारिणी घोषित



**भिण्ड।** भिण्ड जिला कांग्रेस विचार विभाग के जिला अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार विभाग प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता के निर्देशानुसार और जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष जय श्रीराम बघेल की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिला उपाध्यक्ष-वाहिद अली, कल्याण सिंह खन्ना, भूरे सिंह यादव, रामविलास शर्मा, महासचिव-वीरेन्द्र शर्मा, आलोक त्रिपाठी, हरिओम सिंह भदौरिया, रिपुदमन मिश्रा, संजय सिंह चौहान, शैलेन्द्र शर्मा, अशोक जैन, रामनिवास श्रीवास्तव, दिव्यांशु शुक्ला, प्रवक्ता-सुधाकर शर्मा, सचिव-विजय शर्मा, कृष्णकांत सिंह राजपूत, सुरेन्द्र शर्मा, संजीव कुमार जैन, गजेन्द्र सिंह नरवरिया, रहीस खान(गुड्डू),नरेश धाकड़, देवराज सिंह राजावत, मुन्नालाल जाटव, सहसचिव-लाखन रजक, सोनू ओक्षा, के अलावा कार्यकारणी में 25 सदस्यों की भी नियुक्त की गई है।पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को बधाई दी है।

# कोरोना काल का दुर्गा पूजा

**ब्यूरो चीफ अमन राय**

दुर्गा पूजा देश ही नहीं विदेशों में भी भारतीय मूल के निवासी मनाते हैं अगर बात करें पश्चिम बंगाल की तो पश्चिम बंगाल की दुर्गा पूजा विश्व प्रसिद्ध है यहां दुर्गा पूजा को लेकर महीनों पहले से तैयारियां शुरू हो जाती है मूर्तियां हो या पंडाल बनाने वाले कारीगर काफी उत्साह के संग इसे बनाते हैं यहां की बनाई हुई मूर्तियां विदेशों तक जाती है लेकिन इस बार के पूजा में कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए राज्य प्रशासन ने एक गाइडलाइन जारी की है हर पूजा कमेटियों को सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार ही पूजा पंडाल में पूजा अर्चना की जाएगी साथ ही दर्शनार्थी भी निर्देशों के अनुसार पंडाल एवं प्रतिमा दर्शन करेंगे. सरकारी नियमों का उल्लंघन करने पर आयोजकों पर कार्रवाई भी हो सकती है. दिशा निर्देशों में यह कहा गया है पंडाल को चारों तरफ से खुला रखना अनिवार्य होगा प्रवेश द्वार पर हैंड सैनिटाइजर अनिवार्य है सभी को मार्क्स पहना अनिवार्य होगा अगर किसी ने मास्क नहीं पहना है तो आयोजकों द्वारा मास्क उपलब्ध कराई जाएगी. सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए प्रतिमा दर्शन करेंगे लोग. आयोजकों को इस बार वोलेंटियर की संख्या बढ़ानी होगी. सांस्कृतिक अनुष्ठान नियमों को ध्यान में रखते हुए करने की बात कही. पश्चिम बंगाल सरकार लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहती. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता के नेताजी इनडोर स्टेडियम में वर्चुअल मीटिंग के द्वारा राज्य के सभी जिले के प्रशासनिक अधिकारी एवं आयोजकों को संबोधित किए. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कोरोना महामारी की वजह से आयोजकों को इस बार पूजा की तैयारी में दिक्कतें आएंगी इस को ध्यान में रखते हुए सभी कमेटियों को ?50000 की सहायता राशि दी जाएगी साथ ही बिजली बिल में भी 50त्न की छूट दी जाएगी इसके अलावा दमकल सहित कई अन्य परीसेवाएं देने की घोषणा की गई. पश्चिम बंगाल में कुल 37000 पूजा कॉमेटीया है











इससे आयोजकों में तो खुशी देखी गई. लेकिन दूसरी ओर देखें तो दुर्गा पूजा को लेकर छोटे बड़े व्यवसाई सभी असमंजस की स्थिति में है व्यवसाई बताते हैं कुछ लोग मार्केट में आ तो रहे हैं लेकिन खरीदारी उस तरह नहीं हो पा रही है सभी व्यवसाई इसका कारण कोरोनावायरस का प्रभाव बता रहे हैं कुछ कपड़े के व्यवसाई ने तो उम्मीद बिल्कुल छोड़ ही दी है और कुछ अब भी उम्मीद लगाए बैठे हैं. दुर्गा पूजा को लेकर हमारे संवाददाता अमन राय ने जिले का जायजा लिया जिसमें जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों एवं आयोजकों से बात की सभी का एक ही लक्ष्य था शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा संपन्न हो.

1) प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है. त्योहारों को मनाए साथ ही सतर्क रहें. मास्क पहने हैंड सेनीटाइजर का इस्तेमाल करें. किसी तरह की अफवाह ना फैलाएं. प्रशासन का सहयोग करें. दुर्गापूजा दशहरा सहित सभी त्योहारों के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं. **मलाई घटक. मंत्री. पश्चिम बंगाल सरकार**

2) किसी तरह की अप्रिय घटना ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जाएगा. दिशानिर्देशों का पालन करना हम सबकी जिम्मेदारी होगी. हमें उम्मीद है सभी इसका ख्याल रखेंगे और पूजा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न होगी. **अभिषेक गुप्ता डीसीपी**

3) आयोजकों के संग बैठक की गई है. गाइडलाइन को पूरी तरह से पालन करने को कहा गया है. ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुचारू रखना हमारी जिम्मेदारी होगी. प्रशासन का सहयोग करें सभी त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होंगे. **अनामित्रा दास. डीसीपी वेस्ट**

4) प्रशासन के नियमों को मानते हुए हम लोग दुर्गा पूजा की पूरी तैयारी किए हुए हैं. मास्क हैंड सेनीटाइजर आदि की व्यवस्था हम लोगों ने की है. प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है. मुझे उम्मीद है पूजा के दौरान किसी भी दर्शनार्थी को परेशानी नहीं होगी. **कवि दत्ता. आयोजक**

## एक आदतन अपराधी को किया 06 माह के लिए जिला बदर

**भिण्ड ( अर्पित गुप्ता)**

दण्डाधिकारी वीरेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के प्रस्ताव पर एक आदतन अपराधियों को जिला बदर किया है। आदतन अपराधी पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। जिला दण्डाधिकारी वीरेन्द्र सिंह रावत ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 सहपठित धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आरोपी डरू उर्फ हरिओम तिवारी पुत्र रामकरन उम्र 24 साल निवासी तिवारी मोहल्ला गोरमी जिला भिण्ड की आपराधिक व असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उदेश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में जिला दण्डाधिकारी वीरेन्द्र सिंह रावत ने आदतन अपराधी आरोपी डरू उर्फ हरिओम तिवारी पुत्र रामकरन उम्र 24 साल निवासी तिवारी मोहल्ला गोरमी जिला भिण्ड को आदेशित किया है, कि जिला भिण्ड एवं उसके निकटतमी जिले ग्वालियर, मुरैना, दतिया की सीमा से 6 माह की अवधि के लिए बाहर चला जाए तथा बिना पूर्व स्वीकृति के उपरोक्त जिलो की सीमा में प्रवेश न करें।

**तीन आदतन अपराधियों को करानी होगी 3 माह प्रतिदिन, संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी के पास उपस्थिति दर्ज**-जिला दण्डाधिकारी वीरेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के प्रस्ताव पर तीन आदतन अपराधियों पर विभिन्न थानों में अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। जिला दण्डाधिकारी वीरेन्द्र सिंह रावत ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 ( 1 ) क, ख, ग के अन्तर्गत यह कार्यवाही की है। जिसमें आरोपी सतेन्द्र सिंह पुत्र शिवराज सिंह भदौरिया निवासी ग्राम ज्ञानपुरा थाना फूप जिला भिण्ड, लटूरे उर्फ लक्ष्मीनारायण पुत्र हरिशचन्द्र राजपूत निवासी टकपुरा थाना अमायन जिला भिण्ड, रसाल सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी टकपुरा थाना अमायन जिला भिण्ड शामिल है। इन तीन आदतन अपराधियों की आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में शान्ति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए जिला दण्डाधिकारी वीरेन्द्र सिंह रावत ने इन आदतन अपराधियों को आदेशित किया है, कि वे आदेश पारित दिनांक से तीन माह की अवधि तक प्रतिदिन संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी के पास उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेगा तथा दिनभर की गविधियों/ क्रियाकलापो की जानकारी संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को देगा।

## ग़ज़ल



दिल में जब इक डर होता है
कहना ही बहतर होता है.
ख़्वावों में दिखते हैं गुंचे ,
कांटों का बिस्तर होता है ।
चल देती हैं संग में राहें ,
साथ मेरे अक्सर होता है ।
आंखों से बहते हैं आंसू ,
दर्द कोई अंदर होता है ।।
करते हैं सब सजदा उसको
जिसपर सीमो-ज़र होता है ।
लुट जाते हैं चलते चलते,
रहज़न ही रहबर होता है ।।
हो जाता रुस्वा जब कोई,
नाम ज़ुबानों पर होता है ।।
परदेशों में चैन कहां है ,
घर तो अपना घर होता है ।
दिखलाता मंज़िल का रस्ता
मीलका जो पत्थर होता है,
तपता है औरौं की खातिर,
वो ही तो दिनकर होता है।।

**ज्योति दोहरे दिनकर**
**ग्वालियर मप्र**

## 6 आदतन अपराधियों को किया तीन माह के लिए जिला बदर

**भिंड (अरुण शुक्ला)।** जिला दण्डाधिकारी वीरेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के प्रस्ताव पर 06 आदतन अपराधियों को तीन माह तक जिला बदर किया है। इन आदतन अपराधियों पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। जिला दण्डाधिकारी वीरेन्द्र सिंह रावत ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 सहपठित धारा 5 के प्रावधानों के अंतर्गत यह कार्यवाही की है। जिन 06 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया है, उनमें रामभुवन यादव पुत्र अर्जुन सिंह यादव निवासी खिपौना थाना अटेर, देवेन्द्र उर्फ कीरू पुत्र नरोत्तम सिंह भदौरिया निवासी ग्राम विछोली थाना पावई जिला भिण्ड, बॉबी सिंह पुत्र नरेश सिंह निवासी पुरानी गढिया थाना नयागांव जिला भिण्ड, लक्ष्मीनारायण उर्फ फौजी पुत्र रामभुवन यादव निवासी ग्राम खिपौना थाना अटेर, खलक सिंह उर्फ खडक सिंह पुत्र अशर्फी यादव निवासी खिपौना थाना अटेर, विनोद यादव पुत्र अशर्फी लाल यादव निवासी खिपौना थाना अटेर शामिल है। इन आदतन अपराधियों की आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में शान्ति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए जिला दण्डाधिकारी वीरेन्द्र सिंह रावत ने इन आदतन अपराधियों को आदेशित किया है, कि वे जिला भिण्ड एवं उसके निकटतमी जिले ग्वालियर, मुरैना, दतिया की सीमा से 3 माह की अवधि के लिए बाहर चले जाये तथा बिना पूर्व स्वीकृति के उपरोक्त जिलो की सीमा में प्रवेश न करें।

## लहार में एक क्लीनिक बनी लोगों की जान का दुश्मन

**लहार( अर्पित गुप्ता)**लहार क्षेत्र के रावत मुहल्ला में संचालित फूल सिंह कुशवाहा की क्लीनिक जिस पर उनके सुपुत्र बैठकर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करते नजर आते है कल जब फरियादी धर्मेंद्र शुक्ला बैशपुरा निबासी अपनी माता जी को लेकर इन महोदय की क्लीनिक पर पहुँचे तो महोदय के पुत्र द्वारा उल्टे सीधे इंजेक्शन लगाकर एक मोटी रकम को हथिया लिया पर जब तबियत में सुधार नही हुआ तो फरियादी द्वारा महोदय से बात की तो महोदय टूट पड़े और बोले मेरे यहाँ तो यही इलाज होता है हमने क्या पीले चाबल दिए थे तुम्हे आनन फानन में फरियादी द्वारा अपनी माँ को सिविल अस्पताल लहार लाया गया जहां उनकी तबियत में सुधार हो सका।



# कल्कि केकलां ने शेयर की बेटी की प्यारी तस्वीर, छतरी के नीचे दिखी सप्पो

अभिनेत्री कल्कि केकलां ने अपनी बेटी सप्पो की एक प्यारी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर पर उनके प्रशंसकों और दोस्तों ने अपने प्यार की बौछार की है। तस्वीर में सप्पो एक छतरी के नीचे बैठी हैं। अभिनेत्री कल्कि सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपनी बेटी के क्यूट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं, जिसकी वजह से वह अक्सर चर्चा में रहती हैं। कल्कि ने बेटी की तस्वीर शेयर कर लिखा-'एक छतरी के नीचे।' साथ ही कल्कि ने दिल वाली इमोजी के साथ संगीता और सप्पो हैशटैग लगाया।



तस्वीर में सप्पो छतरी के नीचे एक महिला के साथ बैठे नजर आ रही हैं। दोनों फर्श पर एक किनारे बैठे हैं। तस्वीर में सप्पो महिला को देख रही हैं। महिला का नाम संगीता है। कल्कि की इस पोस्ट पर फैंस के अलावा बॉलीवुड सेलेब्स भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने कल्कि के पोस्ट पर अपने प्यार की बौछार की और कई दिल वाली इमोजी शेयर की है। कीर्ति कुल्हारी ने लिखा-'ओह माय गॉड... यह तस्वीर।' इसके बाद कीर्ति ने दिल वाली इमोजी शेयर की है। कल्कि के प्रशंसकों ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी और एक यूजर ने लिखा-'यह एक सुंदर तस्वीर है।' दूसरे ने लिखा-'प्यारी।' वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा-'सुंदर तस्वीर..क्यों आप हमेशा अपने बच्चे को खुला रखती हैं? यह जोखिम भरा है..उसे ठंड लग सकती है या मच्छर काट सकता है।'

कल्कि अपने ब्वॉयफ्रेंड गाय हर्शबर्ग के साथ लिविंग रिलेशनशिप में रहती हैं और इसी साल फरवरी में कल्कि ने बेटी को जन्म दिया था। बेटी के जन्म के कुछ दिन बाद कल्कि ने सप्पो की तस्वीर शेयर कर लिखा था-'सप्पो का स्वागत करिए, सप्पो का जन्म 07/02/20 को हुआ।' गाय हर्शबर्ग भी अक्सर अपनी बेटी सप्पो की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। कल्कि इन दिनों अपनी बेटी के साथ टाइम स्पेंड कर रही हैं।



# पूनम पांडे और सैम बॉम्बे का फिर हुआ पैचअप, पूनम ने किया सैम को माफ

अभिनेत्री पूनम पांडे और उनके पति सैम बॉम्ब की कहानी में ट्विस्ट आ गया है। दरअसल, हनीमून के दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया था। लेकिन, अब दोनों का पैचअप हो गया है। पूनम और सैम दोनों ने ही विडियो के माध्यम से सफाई दी है।

वीडियो में पूनम ने अपनी पति से कहा कि मुझे आपको कुछ बताना है वो ये है कि मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं, आपको छोड़ने के बारे में सोच भी नहीं सकती हूं। जिस पर सैम ने जवाब दिया कि मैं भी आपसे ये कहना चाहता हूं कि मैं आपके बिना नहीं रह सकता हूं। इस वीडियो में दोनों एक दूसरे को किस करते दिख रहे थे। वहीं वीडियो में जब सैम ने कहा कि मैं अपनी पत्नी की पूजा करता हूं और उसकी आंखे और मुस्कुराहट इस दुनिया में सबसे खूबसूरत है। यही नहीं वो इस धरती की सबसे खूबसूरत इंसान भी है। ये सुनकर पूनम पांडे की आंखें नम दिखीं। वहीं, सैम ने कहा कि हम दोनों ही बेहद दुखी हैं, हम दोनों के बीच में कुछ हुआ और ये बात मीडिया के जरिए पब्लिक में आ गई। पूनम पांडे के पति सैम का कहना है कि ये दुखद है और हमें इससे डील करना होगा। इसके साथ ही ये स्वीकार करना होगा कि ये सब गुस्से में हुआ था। बता दें कि पूनम के पति सैम अहमद बॉम्बे पेशे से फिल्म डायरेक्टर हैं। पूनम और सैम ने लॉकडाउन के दौरान ही जुलाई में सगाई की थी और इसके बाद 1 सितंबर को दोनों ने शादी की। लेकिन, दोनों की शादीशुदा जिंदगी बीते काफी दिनों से जबरदस्त विवादों में है। दरअसल, शादी के बाद हनीमून के दौरान ही पूनम ने अपने पति सैम बॉम्बे पर घरेलू हिंसा के गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें गिरफ्तार करवा दिया।



# अब 2021 में रिलीज होगी जेम्स बॉन्ड सीरीज की फिल्म 'नो टाइम टू डाई'




कोरोना वायरस की प्रकोप की वजह से कई फिल्मों की रिलीज टाल दी गई है। जेम्स बॉन्ड सीरीज की फिल्म 'नो टाइम टू डाई' की रिलीज में फिर देरी हुई है। फिल्म की रिलीज डेट को एक बार फिर आगे बढ़ा दिया गया है। जेम्स बॉन्ड के फैंस को इस फिल्म के लिए अगले साल तक का इंतजार करना होगा। फिल्म 'नो टाइम टू डाई' को 2 अप्रैल, 2021 तक टाला जा रहा है। 'नो टाइम टू डाई' पहले अप्रैल 2020 में रिलीज होने वाली थी। कोरोना वायरस महामारी के कारण उसके रिलीज को आगे बढ़ा दिया था। उसके बाद यूके में 12 नवंबर और यूएस में 20 नवंबर को रिलीज की तारीख तय की गई थी। अब फिर इस फिल्म के रिलीज की नई डेट जारी कर दी गई है। जेम्स बॉन्ड के अधिकारिक ट्विटर पर लिखा गया-'एमजीएम, यूनिवर्सल और बॉन्ड निमार्ता, माइकल जी विल्सन और बारबरा ब्रोकोली ने आज जेम्स बॉन्ड सीरीज की 25वीं फिल्म 'नो टाइम टू डाई' की रिलीज की घोषणा की, जो 2 अप्रैल 2021 तक दुनिया भर के थिएट्रिकल ऑडियंस द्वारा देखा जा सकेगा।' 'नो टाइम टू डाई' जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी की आखिरी फिल्म है। काफी समय पहले यूनिवर्सल पिक्चर इंडिया ने इस फिल्म का 10 भाषाओं में ट्रेलर लांच किया था। इस फिल्म से डेनियल क्रेग जेम्स बॉन्ड007 के रूप में वापस आएंगे। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे डेनियल क्रेग सबसे लंबे समय तक बॉन्ड का किरदार निभाने वाले अभिनेता बन गए हैं। डेनियल क्रेग पांचवीं और अंतिम बार 007 का किरदार निभाएंगे। सबसे पहले डेनियल 2006 में आई 'कैसिनो रॉयाल' में जेम्स बॉन्ड के किरदार में दिखाई दिए थे। इसके बाद उन्होंने 'क्वॉन्टम ऑफ सॉलेस', 'स्काईफॉल' और 'स्पेक्टर' में भी जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाई थी। वहीं फिल्म में ऑस्कर विजेता अभिनेता रामी मालेक एक रहस्यमय खलनायक के रूप में भी दिखेंगे। 'नो टाइम टू डाई' जेम्स बॉन्ड सीरीज की 25वीं फिल्म है। फिल्म के निर्देशक कैरी जॉजी फुकुनागा हैं।

# 'नागिन 5' के अभिनेता शरद मल्होत्रा कोरोना पॉजिटिव, खुद को किया होम क्वारंटाइन



'नागिन 5' के अभिनेता शरद मल्होत्रा कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। वह अभी होम क्वारंटाइन में हैं। उनकी पत्नी रिप्सी का कोरोना टेस्ट निगेटिव आया है। शरद में कोरोना के हल्के लक्षण पाए गए हैं और वो डॉक्टर की निगरानी में हैं। दोनों सभी एहतियाती उपायों का पालन कर रहे हैं। एकता कपूर के सीरियल 'नागिन 5' में शरद वीर की भूमिका में हैं। शरद के कोविड-19 पॉजिटिव आने के बाद 'नागिन 5' की अभिनेत्री सुरभि चंदना ने अपना टेस्ट कराया है। 'नागिन 5' के कलाकारों और क्रू मैंबर्स को शरद के रिपोर्ट के बारे में सूचित किया गया है। शरद के करीब आने वालों का भी टेस्ट किया जाएगा। सेट को सैनेटाइज करने के लिए शूटिंग को कुछ दिनों के लिए रोक दिया जाएगा। शरद मल्होत्रा ने एक बयान जारी कर बताया है कि वो कोविड-19 से संक्रमित हैं। शरद ने बताया कि अगर आप पॉजिटिव बने रहते हैं तो लोग आपकी ओर आकर्षित होने लगते हैं। मैंने इस लाइन को कुछ ज्यादा ही गंभीरता से ले लिया। दुर्भाग्य से मुझमें कोविड-19 के हल्के लक्षण पाए गए हैं। राहत की बात है कि मेरी पत्नी का टेस्ट निगेटिव आया है। मैं सभी एहतियाती उपायों का पालन कर रहा हूं। मेडिकल देखरेख में मैं होम क्वारंटाइन में हूं। कृपया मेरे लिए प्रार्थना करें। मैं जल्द मजबूती के साथ वापसी करने का वादा करता हूं। शरद मल्होत्रा सीरियल 'बनू मैं तेरी दुल्हन' से टेलीविजन की दुनिया में फेमस हुए थे। शरद ने कसम तेरे प्यार की, भारत का वीर पुत्र-महाराणा प्रताप और मुस्कान जैसे शो में भी अभिनय किया है। इसके अलावा शरद मल्होत्रा ने फिल्म 'फ्रॉम सिडनी विद लव' से बॉलीवुड में कदम रखा था। उसके बाद फिल्म 'एक तेरा साथ' में भी नजर आ चुके हैं। उन्होंने शो 'बॉक्स क्रिकेट लीग 2' और 'कॉमेडी नाइट्स बचाओ' में भी भाग लिया था।

# भारतीय सुपरहीरो शक्तिमान पर फिल्म बनाई जाएगी, तीन पार्ट में होगी रिलीज



बच्चों का पसंदीदा भारतीय सुपरहीरो शक्तिमान हमेशा से काफी लोकप्रिय रहा है।90 के दशक में इस शो ने बच्चों के बीच ऐसी पैठ जमा ली थी कि हर कोई सीरियल का दीवाना बन गया था। लॉकडाउन के समय शक्तिमान को फिर शुरू किया गया, दर्शकों का खूब भरपूर प्यार मिला।इस देखकर मेकर्स अब कुछ बड़ा प्लान कर रहे हैं। शक्तिमान को फिर से लाने की अटकलें लंबे समय से चल रही हैं।खुद मुकेश खन्ना ने बताया है कि वे इस पर काम कर रहे हैं। लेकिन अब जो खबर आ रही है,वहां फैंस को काफी उत्साहित कर सकती है।बताया जा रहा है कि शक्तिमान पर अब फिल्म बनाई जाएगी। जैसे अवेंजर्स को अलग-अलग पार्ट में रिलीज किया जाता है, कुछ उसी अंदाज में शक्तिमान को भी बनाने की तैयारी है। चर्चा ये है कि इस फिल्म को तीन पार्ट में बनाया जाएगा और शक्तिमान के शुरूआत से लेकर अंत के सफर को दिखाया जाएगा। इस बारे में मेकर्स का कहना है कि ये कृष और रावन से भी बड़ी फिल्म होगी।शक्तिमान को सबसे बड़ा सुपरहीरो बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म का बजट भी बड़ा होगा और रिलीज भी बड़े लेवल पर किया जाएगा। इस बारे में मुकेश खन्ना कहते हैं, ये किसी सपने से कम नहीं है।इस फिल्म के लिए हम किसी बड़े चेहरे की तलाश कर रहे हैं। जब तक वहां फाइनल नहीं हो जाता, हम किसी भी तरह की घोषणा नहीं करने वाले है। खबरों के मुताबिक शक्तिमान फिल्म के पहले पार्ट को 2021 में रिलीज किया जा सकता है।फिल्म को बच्चों के इर्द-गिर्द रखा जाएगा और अच्छाई की बुराई पर जीत होती है वाली थीम ही बरकरार रहेगी।



# कलाकार को रोमांच तलाशने के लिए तैयार रहना चाहिए: श्वेता त्रिपाठी

अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी का मानना है कि चीजों के सामने आने का इंतजार करना बेकार है, इसीलिए कलाकार को पेशेवर जीवन में नए रोमांच तलाशने के लिए तैयार रहना चाहिए। श्वेता ने कहा कि हम जानते थे कि कोविड का असर इण्डस्ट्री पर लंबे समय तक रहेगा। ऐसे में एक कलाकार के तौर पर हमें कुछ अलग करना होगा। मैंने पिछले कुछ महीनों में कई वर्चुअल नाटक देखे हैं और उनमें हर कलाकार के चेहरे पर अलग ही खुशी थी। इसीलिए मेरा मानना है कि अभिनेताओं के लिए रोमांच माध्यम से नहीं बल्कि प्रक्रिया से आता है। यह बात अहम है कि हम अपनी कहानियों को लोगों तक पहुंचाएं, इससे फर्क नहीं पड़ता है कि यह मंच के जरिए पहुंचे या जूम कॉल से। श्वेता ने कहा कि वह स्क्रिप्ट राइटर्स को ऐसे तरीकों से काम करते देख रही हैं जो वर्चुअल फॉरमेट में फिट होते हैं। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि हम अपने तरीके के आसपास ही काम करें और प्रवाह के साथ खुद को आगे ले जाएं। यह एक अंतहीन प्रतीक्षा है। मैं अपने दोस्तों से आग्रह करती हूं कि वे कहानियों को बताने के लिए नए तरीके ढूंढते रहें। कला असीम है और इसे भाषा या निष्पादन के तरीके से बांधा नहीं जा सकता।

# दुबई में स्की ट्रिप्स का मजा नहीं ले पा रहीं जिंटा



अभिनेत्री प्रीति जिंटा आईपीएल के 13वें संस्करण के लिए संयुक्त अरब अमीरात आई हैं। वह हमेशा यहां पर स्की ट्रिप का मजा लेती हैं लेकिन इस बार अत्यधिक गर्मी के कारण वह ऐसा नहीं कर पा रही हैं। प्रीति ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर किया है, जिसमें वह स्कीइंग गियर में दिख रही हैं और साथ में इक्वीपमेंट लिए हुए हैं। प्रीति ने फोटो के साथ लिखा कि ह्ययहां की अत्यधिक गर्मी के कारण मैं स्कीइंग का लुत्फ नहीं ले पा रही हूं। बता दें कि प्रीति यहां इस महीने की शुरूआत में पहुंची हैं। प्रीति ने यहां आने के बाद एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कोरोना टेस्ट करा रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ



### पाकिस्तान की अदालत ने हाईवे पर गैंगरेप की घटना की रिपोर्टिंग पर लगाई रोक

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पुलिस के अनुरोध पर मीडिया नियमन निकाय को, पिछले महीने राजमार्ग पर एक महिला के साथ हुई कथित सामूहिक बलात्कार की घटना की, रिपोर्टिंग रोकने का निर्देश दिया है। पाकिस्तानी मूल की एक फ्रांसीसी महिला के साथ पिछले महीने लाहौर-सियालकोट मार्ग पर उसके बच्चों के सामने दो व्यक्तियों ने कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया था और इस घटना पर देशभर में जनाक्रोश पैदा हुआ था। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है लेकिन मुख्य आरोपी आबिद माल्ही अब भी फरार है। आतंकवाद निरोधक अदालत ने शुक्रवार को पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियमन प्राधिकरण को लाहौर पुलिस के अनुरोध पर इस कांड के बारे में किसी भी सामग्री के प्रसारण पर रोक लगाने का आदेश दिया। पुलिस ने कहा है कि अविवेकी कवरेज के कारण वह मुख्य संदिग्ध को गिरफ्तार नहीं कर पाई। शुक्रवार को अदालत के आदेश के बाद प्राधिकरण ने टीवी चैनलों को इस मामले से जुड़ी सामग्री प्रसारित नहीं करने का निर्देश दिया।

### बारिश में टूट गया था घर, एक साल से शौचालय में रह रहा है ओडिशा का यह मजदूर



**झारसुगुडा।** ओडिशा के झारसुगुडा जिले में एक 50 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने एक शौचालय में एक साल से अधिक समय से रह रहा है। आपो बता दें कि बारिश में उसका कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया था। झारसुगुड़ा जिले के लखनपुर ब्लॉक के अंतर्गत पुजारीपल्ली गांव का एक दिहाड़ी मजदूर जोगेंद्र निखुंटी एक शौचालय में रहता है। आपको बता दें कि उसकी पत्नी और बच्चों ने शराब पीने की आदतों के कारण उसे छोड़कर छत्तीसगढ़ चले गए। इसके बाद से वह यहां अकेल रहता है। जोगेंद्र निखुंटी ने कहा, पिछले साल मानसून के मौसम में मेरा कच्चा मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था और तब से मैं एक शौचालय में रह रहा हूं जिसे सरकार ने बनाया था। मुझे कमरे के अंदर फिट होना मुश्किल लगता है, लेकिन किसी तरह से सोने का प्रबंध किया क्योंकि मेरे पास इसके अलावा कोई और जगह नहीं है। मैंने भिखमपाली ग्राम पंचायत के सरपंच को इसके बारे में बताया, जिन्होंने मुझे मदद करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कुछ भी नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें पिछले कुछ महीनों से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्न नहीं मिल रहा है। सरपंच कृष्ण कलो ने कहा कि उन्हें खाद्यान्न नहीं मिल रहा है क्योंकि उनके आधार कार्ड को एनएफएसए कार्ड के साथ नहीं जोड़ा गया है। मुझे यकीन नहीं है कि उसके पास आधार कार्ड है। लेकिन अगर उसे अपना आधार कार्ड मिल गया है तो हम खाद्यान्न की आपूर्ति के लिए इसे एनएफएसए के साथ जोड़ सकते हैं। झारसुगुडा की जिला कलेक्टर सरोज सामल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में निखंती का नाम शामिल किया गया है और सरकार के निर्णय लेने के बाद उन्हें घर मिल जाएगा। उन्होंने कहा, लेकिन अगर समय लगेगा, तो हम जिला खनिज निधि या सीएसआर के पैसे से उसके लिए घर बना सकते हैं। जब तक घर नहीं बना, तब तक हम उसे वृद्धाश्रम में रखने की कोशिश कर रहे हैं। लखनपुर के बीडीओ को उन्हें वृद्धाश्रम में ले जाने के लिए परामर्श देने की कोशिश कर रहे हैं।

### कोरोना टेस्टिंग खत्म होते ही बढ़ी चार धाम यात्रा पर जाने वालों की संख्या

**देहरादून।** उत्तराखंड में आने पर कोरोना टेस्ट की निगेटिव रिपोर्ट लगाने की अनिवार्यता खत्म करने का सीधा असर पर्यटन पर पड़ा है। उत्तराखंड से अब तक दूसरे राज्यों से आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए 72 घंटे पहले की भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) प्रमाणित लैब से कोरोना की जांच अनिवार्य थी। इसकी वजह से चार धाम तीर्थ यात्रा पर आने वाले लोगों की संख्या काफी समित थी। चार धाम देवस्थानम बोर्ड के अनुसार यह शर्त खत्म होने के बाद चार धाम में आने के लिए लोगों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि कोरोना के चलते लॉकडाउन की वजह से इस बार चारों धामों के कपाट खुलने के बाद भी चार धाम यात्रा शुरू नहीं की गई थी। सोशल डिस्टेंसिंग और अन्य शर्तों के साथ प्रदेश के लोगों को एक जुलाई से चार धाम आने की अनुमति दी गई थी।




श्रीनगर में किसान बिल के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता और कार्यकर्ता।

## राजस्थान पंचायती राज विभाग के अधीन ग्राम पंचायत स्तर पर विकास के योजना के कार्यों की शुरुआत की गई

**ब्यूरो चीफ पाली. नेनाराम सिरवी**

**राजस्थान.** पाली. राजस्थान पंचायत राज विभाग के अंतर्गत ग्रामीण सरकार ग्राम पंचायत द्वारा विकास की योजना के कार्य की शुरुआत की गई. जनवरी 2020 ग्रामीण क्षेत्रों की सरकार के चुनाव संपन्न हुए. कोराना वायरस के खतरनाक फैलाव के कारण ग्राम पंचायत स्तर पर विकास की योजना के कार्यों की शुरुआत अगस्त माह से शुरू किए गए. पाली पंचायत समिति एवं रानी पंचायत समिति के कई ग्राम पंचायत द्वारा स्वस्थ भारत अभियान ग्रेवल सडक जलभराव की समस्या सीसी रोड उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुलभ शौचालय आदि सहित अनेक विकास के योजना के कार्य हर ग्राम पंचायत स्तर पर शुरू किए गए. पाली पंचायत समिति ग्राम पंचायत सोडावास सरपंच राधा देवी सिरवी वडेर वास सरपंच लीला देवी सिरवी खेरवा सरपंच संतोष कंवर रुपावास सरपंच सुरेश बंजारा मनिहारी सरपंच भैरों सिंह शेखावत डरी सरपंच जब्बरसिंह जोधा. भांगेसर सरपंच हबीब खान. हेमावास सरपंच मोहनलाल पटेल.टेवाली सरपंच जोगा राम कुमावत.बोमाडडा सरपंच जोगाराम सरगरा. लांबिया सरपंच मदन लाल मेघवाल.बाणियावास सरपंच सीता.डेडा सरपंच दिलीप सिंह सोनीगरा.गिराडरा सरपंच मंगला राम मीणा गुड़ा एंडला सरपंच मीनाक्षी मीणा. रानी पंचायत समिति ग्राम पंचायत.चाचोडी. सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित मांडल सरपंच सुराराम माली .बालराई सरपंच केसाराम कुमावत. खोड सरपंच दुर्गेश दाधीच. कीरवा सरपंच घिसी देवी सिरवी.रोहिट पंचायत समिति ग्राम पंचायत निमली उड़ा सरपंच मोना शर्मा. सोजत पंचायत समिति ग्राम पंचायत सुरायता सरपंच प्रेम सीरवी बिलावास सरपंच डिंपल सीरवी मंडला सरपंच दलपत सीरवी मारवाड़ जंक्शन पंचायत समिति ग्राम पंचायत हिंगोला सरपंच गोविंद राम मेघवाल. आदि सहित लगभग सभी ग्राम पंचायत स्तर पर राजस्थान पंचायत राज विभाग के तहत विकास की योजना के कार्यों की शुरुआत की गई.पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षारोपण किया गया.सोजत पंचायत समिति ग्राम पंचायत बिलावास सरपंच डिंपल सीरवी के नेतृत्व में 1501 वृक्ष लगाए गए वडेर



वास सरपंच लीला देवी सीरवी के नेतृत्व में प्रभु प्रेमी गौशाला एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय सार्वजनिक जगहों पर वृक्षारोपण किया गया. सोडावास सरपंच राधा देवी सिरवी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया.खेरवा सरपंच संतोष कंवर के नेतृत्व में तालाब एवं सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया. रानी पंचायत समिति निवर्तमान प्रधान नवरत्न सिरवी एवं ग्राम पंचायत.सिवास. सरपंच फूसारम सिरवी ग्राम पंचायत.ढारिया. सरपंच रुकमा देवी सीरवी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया.चाचोडी. बालराई. माडल. किरवा. सरपंच एवं ग्राम पंचायत के संपूर्ण जनप्रतिनिधियों द्वारा सार्वजनिक जगह पर वृक्षारोपण किया गया. ग्राम पंचायत सोडावास सरपंच राधा देवी सीरवी एवं सोडावास राजकीय विद्यालय के शिक्षाकर्मी हीरालाल गहलोत एवं संपूर्ण सोडावास राजकीय विद्यालय के शिक्षक कर्मियों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया.उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य शुरू किया गया. रानी पंचायत समिति के अंतर्गत ग्राम पंचायत.बालराई.सरपंच केसाराम कुमावत के प्रथम चरण की शुरुआती दौर में विकास की योजना की तेज का गति से शुरुआत की गई. उप स्वास्थ्य केंद्र एवं सुलभ शौचालय सीसी रोड नाले निर्माण कार्य आदि कार्यों की शुरुआत की गई. पाली पंचायत समिति ग्राम पंचायत खेरवा सरपंच संतोष कवर के कार्यकाल के प्रथम चरण की शुरुआत सबसे तेज गति से की गई.मुख्य तालाब पर निर्माण कार्य राजकीय विद्यालय परिसर की चारदीवारी निर्माण कार्य देवासियों की ढाणी में सुलभ शौचालय ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य जलभराव की समस्या आदि सहित योजनाओं के कार्यों की शुरुआत की गई. वडेर वास सरपंच लीला देवी सीरवी के कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत के अधीन सहायक राजस्व गांव रामपुरा के संपूर्ण वरिष्ठ भामाशाह एवं ग्राम वासियों के महत्वपूर्ण सहयोग से प्रभु प्रेमी गौशाला की नींव रखी और वहां पर निर्माण कार्य करके प्रभु प्रेमी गौशाला में वृक्षारोपण किया गया. इसके साथ नाली निर्माण कार्य चारदीवारी निर्माण कार्य मॉडल टॉयलेट योजना के तहत मॉडल टॉयलेट निर्माण कार्य की शुरुआत की गई. डरीसरपंच जबर सिंह जोधा द्वारा मुख्य तालाब में जलभराव की क्षमता को बढ़ाने के लिए साफ सफाई कर के मुख्य तालाब में पानी लाने के लिए मुख्य कार्य किया गया. दयालपुरा ग्रामपंचायत के अधीन नाली निर्माण का कार्य शुरू किया गया मनिहारी ग्राम पंचायत सरपंच भैरों सिंह शेखावत के कार्यकाल के दौरान स्वस्थ भारत अभियान के तहत साफ सफाई का कार्य करके विकास की योजना के कार्यों की शुरुआत की गई. डेंडा सरपंच दिलीप सिंह सोनीगरा के कार्यकाल के दौरान मुख्य चौराहे पर सीसी निर्माण एवं स्वस्थ भारत अभियान के तहत नाली निर्माण कार्य एवं राजकीय कार्यालयों में विकास की योजना के संबंधित कार्यों की शुरुआत इनके कार्यकाल के दौरान की गई. मारवाड़ जंक्शन पंचायत समिति ग्राम पंचायत जाडन द्वारा ग्रेवल सड़क एवं अन्य कार्यों की शुरुआत की गई.पेयजल की जन समस्याओं को लेकर कार्यों की शुरुआत की गई. मारवाड़ जंक्शन ग्राम पंचायत बारसा के राजस्व गांव राजकीय वास कला के मुख्य चौराहे पर जलदाय विभाग के अंतर्गत मुख्य पेयजल को लेकर कार्य शुरू किया गया.मुक बधिर बेजुबान पशु पक्षियों के लिए सहायक सरकार बने भामाशाह. वडेर वास ग्राम पंचायत के अंतर्गत राजस्व गांव केनपुरा सीरवी समाज के भामाशाह अचलाराम सिरवी द्वारा पानी का टैंक बनाया गया किरवा ग्राम पंचायत के अंतर्गत सहायक राजस्व गांव.चागवा. सीरवी समाज के भामाशाह द्वारा टैंक बनाया गया प्रभु प्रेमी गौशाला ग्राम पंचायत वडेर वास सीरवी समाज के भामाशाह द्वारा पानी का टैंक बनाया ग्राम पंचायत सोडावास के अंतर्गत बेजुबान पशु पक्षियों के लिए देवासियों की ढाणी में मुख्य पानी का टैंक बनाया गया. ग्रामीणों को सरकार की हर योजना की मदद देने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा संपूर्ण प्रयास किए जाएंगे. खेरवा सरपंच संतोष कवर वडेर वास सरपंच संपूर्ण ग्राम पंचायत सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों की अशिक्षित जनता एवं गरीब से गरीब वर्ग के परिवार को सरकार की हर योजना की जानकारी और सरकार की हर योजना का लाभ दिलाने के लिए संपूर्ण प्रयास ग्राम पंचायत द्वारा किए जाएंगे.

### हाथरस केस: राहुल-प्रियंका के बाद पीड़िता के परिवार से मिलेंगे भीम आर्मी के प्रमुख



**नई दिल्ली।** हाथरस में 19 वर्षीय दलित महिला के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आज़ाद रविवार को उत्तर प्रदेश जिले में पीड़ित परिवार से मिलेंगे। आजाद के दोपहर 12 बजे गांव पहुंचने की उम्मीद है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की महिला के परिवार से मुलाकात के एक दिन बाद ये खबर आई है। आजाद गुरुवार को अपनी भीम आर्मी के समर्थकों के साथ दिल्ली पहुंचे। तब से वह राजधानी में विरोध का नेतृत्व कर रहे हैं और मामले को संभालने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस्तीफे की मांग करते हैं। शनिवार को, आज़ाद ने संविधान में जीने के अधिकार का हवाला देते हुए देश के वंचित वर्गों के लिए बंदूक का लाइसेंस मांगा। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, हमारी मांग है कि देश के 20 लाख बहुजनों को तुरंत बंदूक लाइसेंस दिए जाएं। सरकार को बंदूक और पिस्तौल खरीदने के लिए हमें 50त्न सब्सिडी प्रदान करनी चाहिए। हम खुद का बचाव करेंगे। 14 सितंबर को उत्तर प्रदेश के हाथरस में चार सवर्णों द्वारा एक 19 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। महिला ने 29 सितंबर को दम तोड़ दिया, स्थानीय पुलिस ने अगले दिन 2.30 बजे शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिवार ने दावा किया है कि दाह संस्कार जबरदस्ती किया गया था और उनकी उपस्थिति के बिना किया गया था, जबकि प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि यह परिवार की सहमति से किया गया था।



हाथरस की बेटी के साथ दरिंदगी के खिलाफ देशभर के लोगों में गुस्सा और आक्रोश देखने को मिल रहा है। जगह-जगह लोग सड़कों पर प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं।

## येदियुरप्पा सरकार में मंत्री सीटी रवि ने दिया अपने पद से इस्तीफा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की येदियुरप्पा सरकार में संस्कृति और पर्यटन मंत्री सीटी रवि ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को अपना त्यागपत्र सौंप दिया है। रवि सोमवार को दिल्ली का दौरा करेंगे और संगठन के कामकाज की जिम्मेदारी संभालेंगे। आपको बता दें कि जेपी नड्डा ने इस साल जनवरी में विधिवत रूप से पार्टी की कमान संभाली थी और अब सितंबर के आखिर में जाकर उन्होंने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की है।

पार्टी संविधान के अनुसार केंद्रीय संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा 39 पदाधिकारी 13 उपाध्यक्ष, 10 महासचिव, 15 सचिव और एक कोषाध्यक्ष बनाया जाता है। नड्डा की टीम में अभी 12 उपाध्यक्ष, नौ महासचिव और 13 सचिव बनाए गए हैं। इस लिहाज से एक उपाध्यक्ष, एक महासचिव और दो सचिवों के पद रिक्त हैं। महिला मोर्चा के अध्यक्ष की घोषणा होना भी अभी बाकी है।

**कार्यकारिणी में भी होंगे बड़े बदलाव**–नड्डा को अभी राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन भी करना है। इसमें कम से कम 25 फीसद बदलाव करने होते हैं। राष्ट्रीय पदाधिकारियों में जिस तरह लगभग 70 फीसद बदलाव किए गए हैं उसे




देखते हुए कार्यकारिणी में भी बड़ी संख्या में बदलाव होने की संभावना है। इसके अलावा केंद्रीय संसदीय बोर्ड, केंद्रीय चुनाव समिति की घोषणा भी की जानी है।

**राजनाथ ने दी थी एक तिहाई महिलाओं को जगह**–पार्टी संविधान के अनुसार संगठन में केंद्रीय पदाधिकारियों में एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाते हैं ऐसे में कम से कम 4 और महिला पदाधिकारियों को शामिल किया जाना होगा। हालांकि पार्टी में लंबे समय से न तो पूरे पदाधिकारी बनाए गए हैं और न ही महिलाओं की पूरी संख्या रखी गई है। पिछली बार 2013 में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने अपनी टीम में सभी 40 पदाधिकारी (अध्यक्ष समेत) की घोषणा की थी और उसमें एक तिहाई यानी 13 महिलाओं को भी जगह दी गई थी। जिनमें पांच उपाध्यक्ष और आठ सचिव बनाई गई थी।

**बिहार चुनाव बाद विस्तार संभावित**–भाजपा अध्यक्ष ने जो पद रिक्त रखे हैं वह निकट भविष्य में भरे जाएंगे। माना जा रहा है कि बिहार चुनाव के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल के संभावित विस्तार को देखते हुए यह रिक्तियं रखी गए हैं, क्योंकि उस समय कुछ नेताओं के सत्ता और संगठन में आने जाने के क्रम में संगठन में भी कुछ नेताओं को जगह दी जाएगी।

### कोरोना संक्रमित डोनाल्ड ट्रंप ने अस्पताल से भेजा वीडियो मैसेज

**नई दिल्ली।** कोरोना के संक्रमण की चपेट में आए संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को मैरीलैंड के वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर से अपने ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही वापस आएंगे और चुनाव प्रचार शुरू करेंगे लेकिन असली परीक्षा बाकी है। वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में ट्रंप का कोरोना के लिए इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं ठीक हो रहा हूं लेकिन आपको अगले कुछ दिनों की अवधि में पता नहीं चलेगा। तो, यह असली परीक्षा है। हम अगले कुछ दिनों में देखते हैं कि क्या होगा। अपने चार मिनट के लंबे वीडियो में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वाल्टर रीड की चिकित्सा टीम को धन्यवाद दिया जो यह सुनिश्चित करने के लिए चौबीस घंटे काम कर रहे हैं कि वह तेजी से ठीक हो जाएं। वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में उपचार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यदि आप चिकित्सा को देखें जो मैं अभी ले रहा हूं, उनमें से कुछ ... और अन्य अभी बाहर आ रहे हैं ... सच कहूँ तो, वे हैं चमत्कार, अगर आप सच्चाई जानना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लोग उनकी आलोचना करते हैं, लेकिन उनके द्वारा बताए गए उपचार की बात करते हुए उन्होंने आगे कहा, हमारे साथ जो चीजें हो रही हैं और वे ऐसे लग रहे हैं जैसे वे चमत्कार हैं, भगवान के रूप में आ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं यहां आया था तब मैं इतना अच्छा महसूस नहीं कर रहा था ... मुझे अमेरिका को फिर से महान बनाना है।

### सेकड़ों कार्यकर्ताओं ने आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

पुष्पांजली टुडे न्यूज़



**आगरा ।** आगरा विधानसभा खेरागढ़ के ग्राम अयेला में दिनांक 4/10/2020 को आजाद समाज पार्टी की मीटिंग आयोजन किय गया जिस में आगरा से आये राजू अंसारी जी के द्वारा की पर्टी की रीति नीति के वारे में अवगत कराया व सेकड़ो कार्यकर्ता आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की विधानसभा खेरागढ़ के ग्राम अयेला में आजाद समाज पार्टी व ( भीम आर्मी )की मीटिंग के द्वारा महोम्बद राजू अंसारी जी व उनके साथ आये सविर अली जी ने सेकड़ो नये पदाधिकारी व कार्यकर्ता बनाये राजू अंसारी जी द्वारा बताया गया कि आजाद समाज पार्टी की रीति नीतियो के बारे में जानकारी दी और भाई एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद जी के बारे में बताया इन सभी बातों से प्रभावित होकर सैकड़ों पुरूषों व महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की उन्होंने जाना केकि किस तरह से आजाद समाज पार्टी गरीबो व निसहायो की मद्त व न्याय के लिये हमेशा आवाज उठती है इस मौके पर उपस्थित लोग सविर अली जी के इन विचारों से प्रभावित होकर ग्राम आयेला के उन्होंने जाना कि सिर्प आजाद समाज पार्टी ही उनकी आवाज उठाने का कार्य कर सकती है 1विजय सिंह राजौरिया ,बादाम खान ,मनोज कुमार राजौरिया जितेन्द्र कोकेश सिंह राज कुमार गंगा राम शांति देवी शकुंतला देवी विमलेश कुमारी अनीता आदि ने सदस्य ली।

## खाद्य सुरक्षा योजना के तहत वास्तविक सर्वे की जाए : सरकार

**ब्यूरो चीफ. नेनाराम सीरवी**

**राजस्थान पाली.** कोराना जैसे भीषण संकट काल की स्थिति के दौरान गरीब वर्ग की योजना का लाभ अमीर वर्ग के परिवार को मिल रहा .पाली पंचायत समिति एवं रानी पंचायत समिति के कई ग्राम पंचायत स्तर पर खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गरीब से गरीब एवं मजदूर वर्ग का परिवार मुख्य सहायता योजना से वंचित. ग्रामीण क्षेत्रों में अशिक्षित एवं गरीब वर्ग का परिवार मुख्य योजना से वंचित रहने का मुख्य कारण वास्तविक सर्वे नहीं हुई. पक्षपात एवं निजी स्वार्थ को लेकर गलत सर्वे के अनुसार गरीब वर्ग का परिवार काफी लंबे समय से इस योजना में जुड़ा हुआ . पक्षपात के कारण अशिक्षित एवं गरीब से गरीब परिवार को खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित रखा.जिले के कई ग्राम पंचायत स्तर पर लगभग हर ग्राम पंचायत के सहायक एवं राजस्व गांव की जनता खाद्य सुरक्षा योजना से कई परिवार आज भी वंचित लेकिन . अशिक्षित एवं गरीब परिवार की आवाज ग्राम पंचायत मुख्यालय से बाहर तक सीमित रहती . अमीर परिवार की आवाज अपने मुख्य आवास से ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सीधी पहुंच जाती हैं जिससे अमीर परिवार गरीबों की मुख्य योजना में जुड़ कर गरीब बन जाता है.विश्वव्यापी महामारी के चलते संपूर्ण देश में एक साथ लगाया गया लॉक डाउन की मार अमीर परिवार के साथ गरीब परिवार भी झेल रहा. लेकिन सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन सामग्री गरीब परिवार को नहीं मिल रही और अमीर परिवार को मिल रही हैं.ऐसे कई परिवार जो इस योजना से काफी लंबे समय से जुड़े हुए



लेकिन बीते समय में की गई सर्वे के अनुसार गरीब परिवार का खाद्य सुरक्षा योजना से कट गया. कोराना वायरस की भयंकर विश्वव्यापी महामारी के चलते गरीब वर्ग का परिवार रोजगार की आई कमी के कारण भारी परेशान नजर आ रहा है. ऐसी विपरीत संकटकाल की स्थिति के दौरान ऐसे परिवार को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए. लेकिन अमीर परिवार को खाद्यान्न सुरक्षा सामग्री योजना के तहत निशुल्क सामग्री गेहूं मिल रहे हैं. कई ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों के योजना का लाभ अमीरों को मिल रहा और अमीर परिवार निशुल्क मिली हुई राशन सामग्री गेहूं वापस गरीब परिवार को बेच देते हैं. कोराना संकट काल के दौरान निशुल्क गेहूं मिले और इससे पहले दो रुपए किलो मिलते थे. दो रुपए किलो गेहूं गरीब परिवार को 12 रुपए से अधिक किलोग्राम के अनुसार बेच रहे. गरीब परिवार के पास रहने के लिए पर्याप्त रूप से सुविधा नहीं होने से खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाभ नहीं मिल रहा. अमीरों के पास पर्याप्त रूप से सभी सुविधा होने के कारण खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन सामग्री मिल रही .इस दौरान इस मुख्य योजना के तहत गरीब वर्ग का परिवार लगभग हर ग्राम पंचायत स्तर पर वंचित . गरीब जनता द्वारा बताया गया कि वास्तविक सर्वे करके खाद्य सुरक्षा सामग्री योजना के तहत गरीब वर्ग के परिवार को जोड़ा जाए. प्रतिमाह राशन सामग्री मिल रही है लेकिन राशन सामग्री स्थल पर लंबी लंबी लाइन की कतारों में गरीबों की संख्या कम और अमीरों की संख्या ज्यादा. ग्रामीण क्षेत्रों में पक्षपात जातिवाद के कारण खाद्य सुरक्षा योजना के तहत कभी गरीब वर्ग का परिवार इस योजना से वंचित हैं. इस दौरान वास्तविक सर्वे जिले में वापस की जाए और अशिक्षित एवं गरीब से गरीब वर्ग के परिवार को खाद्य सुरक्षा योजना में जोड़ा जाए. राशन कार्ड में किसी भी प्रकार की सरकारी योजना का मिलने वाला लाभ का नामकरण भी नहीं लगभग 4 वर्षो पहले नए राशन कार्ड बनाए गए थे जिसमें अभी तक बहुत से ऐसे परिवार भी हैं जिनके राशन कार्ड के सभी पृष्ठ मैं सरकार द्वारा दी जाने वाली योजना का के तहत सामग्री के बारे में किसी भी प्रकार का नामकरण नहीं पूरी तरह से राशन कार्ड खाली अवस्था में पड़े हुए हैं. इस दौरान गरीब वर्ग की जनता द्वारा बताया गया कि राशन कार्ड का लाभ किस योजना के तहत मिलेगा और कब मिलेगा. नए राशन कार्ड बनवाने के लिए शिक्षित एवं गरीब वर्ग के परिवार को दस्तावेज अपलोड कराने के लिए कई बार छोटे बड़े संबंधित विभागीय कार्यालय में चकर कांटे और नए राशन कार्ड बनाए गए. लेकिन नए बनाए गए राशन कार्ड के माध्यम से किसी भी प्रकार की सरकारी योजना का लाभ अभी तक नहीं मिला.

आईपीएल 2020: लगातार दूसरे दिन दो मैच होंगे, पहले मैच में रोहित- वार्नर तो दूसरे मैच में धोनी-राहुल में होगी भिड़ंत

# छोटे मैदान के कारण सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुंबई इंडियन्स का पलड़ा भारी

शारजाह ■ एजेंसी

विस्फोटक बल्लेबाजी क्रम और आखिरी ओवरों के शानदार गेंदबाजों की मौजूदगी से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में मुंबई इंडियन्स का पलड़ा भारी रहेगा। सनराइजर्स की मुश्किलें मुख्य तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के चोटिल होने से और बढ़ गयी हैं जिनका आगामी मुकाबलों में खेलना संदिग्ध है। भुवनेश्वर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को 19वें ओवर की पहली गेंद पर यॉर्कर डालने के बाद मांसपेशियों में खिंचाव की परेशानी के कारण गेंदबाजी नहीं कर सके थे। वह फिजियो की मदद से मैदान से बाहर गए थे।

तालिका में शीर्ष पर चल रहे मुंबई इंडियन्य की कोशिश इस अनुभवी गेंदबाज की गैरमौजूदगी में शारजाह के छोटे मैदान पर अधिक बड़े शॉट खेलने की होगी। शारजाह के मैदान की सीमारेखा दुबई और अबुधाबी की तुलना में छोटी है। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने चार मैचों में 170 रन बनाए हैं और वह शानदार लय में चल रहे हैं। उनके पास किसी भी गेंदबाजी को ध्वस्त करने की क्षमता है।

सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की फॉर्म चिंताजनक जरूर है, लेकिन सूर्यकुमार यादव अपनी शुरूआत को बड़ी पारी में बदलना चाहेंगे। गत चैंपियन के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि उनका मध्य क्रम शानदार लय में है। इशान किशन, हार्दिक पंड्या और कीरोन पोलार्ड के सहजता से बड़े शॉट खेलने में माहिर है। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज किशन ने रॉयल चैलेंजर बैंगलोर के खिलाफ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वह, हार्दिक और पोलार्ड शारजाह के मैदान में आसानी से बड़े शॉट लगा सकते है।

टीम के गेंदबाजों ने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था और टीम इसमें कोई बदलाव नहीं करना चाहेगी। अनुभवी तेज गेंदबाजों को स्पिनर राहुल चाहर और क्रुणाल पंड्या का अच्छा साथ मिल रहा है। सनराइजर्स के हौसले भी सीएसके पर सात रन की जीत के बाद से बुलंद है। इस मैच में उसके युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

इससे सीनियर खिलाड़ियों पर से दबाव कम होगा और टीम प्रबंधन को उम्मीद होगी कि कप्तान डेविड वार्नर, जॉनी बेयरस्टॉ और मनीष पांडे बल्ले से अच्छा योगदान देंगे। केन विलियमसन से मध्यक्रम को मजबूती देने की उम्मीद होगी। टीम के अगर सीनियर खिलाड़ी अगर रन बनाते है तो अभिषेक शर्मा, प्रियम गर्ग और अब्दुल समद जैसे युवा खुल कर खेल सकेंगे। भुवनेश्वर कुमार अगर चोट से उबरने में नाकाम रहते है तो यॉर्कर विशेषज्ञ टी नटराजन और बाएं हाथ के अन्य तेज गेंदबाज खलील अहमद और स्टार स्पिनर राशिद खान पर बोझ बढ़ेगा। भुवनेश्वर की जगह बेसिल थम्पी, संदीप शर्मा और सिद्धार्थ कौल में से किसी एक को मौका मिल सकता है।




सनराइजर्स हैदराबाद: डेविड वॉर्नर (कप्तान), जॉनी बेयरस्टॉ(विकेटकीपर), केन विलियमसन, मनीष पांडे, श्रीवत्स गोस्वामी, विराट सिंह, प्रियम गर्ग, रिधिमान साहा (विकेटकीपर), अब्दुल समद, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, राशिद खान, अभिषेक शर्मा, बी संदीप, संजय यादव, फेबियन एलेन, भुवनेश्वर कुमार, खलील अहमद, संदीप शर्मा, शाहबाज नदीम, सिद्धार्थ कौल, बिली स्टानलेक, टी नटराजन, बासिल थम्पी।

मुंबई इंडियंस: रोहित शर्मा (कप्तान), आदित्य तारे, अनमोलप्रीत सिंह, अनुकूल रॉय, क्रिस लिन, धवल कुलकर्णी, दिग्विजय देशमुख, हार्दिक पंड्या, ईशान किशन, जेम्स पेटिसन, जसप्रीत बुमराह, जयंत यादव, कीरोन पोलार्ड, कृणाल पंड्या, मिशेल मैक्लीनागन, मोहसिन खान, नाथन कूल्टर नाइल, प्रिंस बलवंत राय, क्विंटोन डि कॉक, राहुल चाहर, सौरभ तिवारी, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट।

मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर साढ़े तीन बजे से खेला जाएगा

# किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मैच में वापसी को बेताब होगी चेन्नई सुपर किंग्स

दुबई ■ एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में निराशाजनक शुरूआत से चिंतित चेन्नई सुपर किंग्स रविवार को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ होने वाली भिड़ंत में अपनी मुश्किल परिस्थितियों के जवाब ढूंढने को बेताब होगी। पिछले चरणों में अपने खेल में शीर्ष पर रहने की आदी टीम चार मैचों में तीन हार से अब अंक तालिका में निचले स्थान पर है और महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली टीम के लिये यह बिलकुल ही अलग स्थिति है।

अच्छे खिलाड़ियों के बावजूद टीम के लिए कुछ भी कारगर नहीं हो रहा। उसने शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में अंतिम एकादश में तीन बदलाव किए, अंबाती रायुडू की वापसी और ड्वेन ब्रोवा की मौजूदगी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी। फाफ डुप्लेसिस को छोड़कर शीर्ष क्रम के नहीं चलने और मध्य के ओवरों में धीमी रन गति तथा मैच के अंत के लिये ज्यादा रन छोड़ने की आदत के कारण उन्हें लगातार तीन शिकस्त झेलनी पड़ी। टीम में वापसी करने की कूव्वत है, लेकिन क्षेत्ररक्षण, गेंदबाजी और बल्लेबाजी सभी विभाग में एक साथ बेहतरीन होगा। जब नतीजे टीम के हक में आते हैं तो बहुत सारी कमजोरियां ढक जाती हैं लेकिन जब ऐसा नहीं होता तो छोटी छोटी चीजें भी साफ दिखने लगती हैं। तीसरी हार के बाद धोनी के चेहरे पर यह बेताबी साफ पढ़ी जा सकती थी। उन्होंने कहा, काफी लंबे समय पहले एक बार हमने लगातार तीन मैच गंवाए थे। हमें काफी चीजें सही करने की जरूरत है। यही पेशेवर रवैया होता है। हमें कैच लपकने होंगे, नो-बॉल नहीं डालनी होंगी। इन चीजों को नियंत्रित किया जा सकता है और शायद हम ज्यादा ही रिलैक्स हो रहे हैं।

चेन्नई को जरूरत होगी कि उसके शीर्ष क्रम का एक बल्लेबाज बोर्ड पर रन जुटाए और साथ ही मध्य ओवरों के रन रेट का भी ध्यान रखा जाए। अगर ऐसा होता है तो धोनी को पकड़ बनाने में मदद मिलेगी। धोनी ने शुरूआती मैचों में काफी दबाव में बल्लेबाजी की है और अपार उम्मीदों के कारण उनकी और उनकी टीम की विफलता ज्यादा ही बुरी दिख रही है। अगर टीम मध्य के ओवरों में काफी रन जुटा लेती है तो इससे धोनी और निचले क्रम के दूसरे बल्लेबाज को थोड़ी मदद मिलेगी। लेकिन यह काम इतना आसान नहीं होगा क्योंकि वे उस टीम के खिलाफ होंगे जो शानदार बल्लेबाजी क[...] रही हैं, हालांकि नतीजे उनके पक्ष में नहीं रहे[...] किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल अ[...] मयंक अग्रवाल शानदार फॉर्म में हैं। पंजाब की टी[...] दो बार 200 से ज्यादा रन बनाने के बावजूद अप[...] सीमित गेंदबाजों के कारण इसमें हार चुकी [...] मोहम्मद शमी के अलावा विपक्षी टीम [...] बल्लेबाजों को रोकने में कोई अन्य गेंदबाज सफ[...] नहीं रहा।




चेन्नई सुपर किंग्स: महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान, विकेटकीपर), मुरली विजय, अंबाती रायुडु, फाफ डु प्लेसिस, शेन वॉटसन, केदार जाधव, ड्वेन ब्रावो, रवींद्र जडेजा, लुंगी एनगिडी, दीपक चाहर, पीयूष चावला, इमरान ताहिर, मिशेल सेंटनर, जोश हेजलवुड, शार्दुल ठाकुर, सैम कुरेन, एन जगदीशन, केएम आसिफ, मोनू कुमार, आर साई किशोर, रुतुराज गायकवाड़, कर्ण शर्मा।

किंग्स इलेवन पंजाब: केएल राहुल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, शेल्डन कॉटरेल, क्रिस गेल, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद शमी, मुजीब उर रहमान, करुण नायर, जेम्स नीशाम, निकोलस पूरण, इशान पोरेल, अर्शदीप सिंह, मुरुगन अश्विन, कृष्णप्पा गौतम, हरप्रीत बराड़, दीपक हुड्डा, क्रिस जोर्डन, सरफराज खान, मनदीप सिंह, दर्शन नलकांडे, रवि बिश्नोई, सिमरन सिंह, जगदीश सुचित, ताजिंदर सिंह, हार्डस विलोजेन।

मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा

## न्यूज. ब्रीफ

### साइ ने कोरोना के प्रभाव को जानने नये दिशा-निर्देश जारी किये

नई दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने उसके केन्द्रों में प्रशिक्षण कर रहे एथलीटों पर कोविड-19 संक्रमण के असर को जानने के लिए नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इसके तहत साइ चिकित्सा और पैरामेडिकल विशेषज्ञों की पहचान कर रहा है। साइ ने ग्रेडेड रिटर्न टू प्ले (जीआरटीपी) नाम से यह नये दिशा-निर्देश जारी किये है जिसके तहत कोचों को एथलीटों की क्षमता के 50 फीसदी शारीरिक गतिविधियों के साथ अभ्यास शुरू कराने के निर्देश दिये गये हैं। साइ ने कहा, प्रत्येक केन्द्र में एथलीटों पर कोविड-19 संक्रमण के मूल्यांकन और एसओपी के तहत बताए गए दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन को तय करने के लिए चिकित्सा और पैरामेडिकल विशेषज्ञों की पहचान की जा रही है। इन चिकित्सा और पैरामेडिकल विशेषज्ञों को निर्देश दिया जा रहा है कि कोविड-19 संक्रमण के मूल्यांकन और जीआरटीपी के तहत प्रगति के संबंधित स्पष्टता तय करें। साइ ने कहा, खिलाड़ियों की अभ्यास सत्रों के पहले, दौरान और बाद में निगरानी की जाएगी और यदि कोई अलग लक्षण मिलता है तो इसके आगे के मूल्यांकन के लिए मेडिकल दल को जानकारी दी जाएगी।

### सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने जाधव को पहले भेजने को सही बताया



दुबई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कोच स्टीफन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में केदार जाधव को कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजने के अपने फैसले का बचाव किया है। जाधव अभी तक टूर्नामेंट में लय हासिल करने में विफल रहे है। उन्होंने इस मैच में भी 10 गेंद में सिर्फ तीन रन बनाये हैं। सीएसके को इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। लीग में यह उनकी लगातार तीसरी हार है। मैच के बाद जब जाधव को धोनी से पहले भेजे जाने के बारे में पूछा गया तो फ्लेमिंग भड़क गये उन्होंने कहा, वह हमारे चौथे क्रम का बल्लेबाज है। वहीं धोनी आमतौर पर मध्यक्रम के निचले हिस्से के खिलाड़ी है। जाधव दोहरी भूमिका निभाने में सक्षम है। अगर हमें अच्छी शुरूआत मिलती है तो धोनी पहले और जाधव बाद में आ सकते है। उन्होंने कहा, अगर आप जल्दी विकेट खो देते है तो आपका चौथे क्रम का बल्लेबाज मैदान में जाता है। वहीं कप्तान धोनी और रविन्द्र जडेजा के बीच साझेदारी अच्छी रही पर जीत के लिए टीम को और अधिक रन बनाने होंगे।

बेंगलुरु ने राजस्थान को 8 विकेट से हराया, देवदत्त पडिक्कल ने 63 रन बनाए

# चौथे मैच में चला विराट का बल्ला आईपीएल में 37वीं फिफ्टी लगाई

■ कप्तान कोहली और देवदत्त ने दूसरे विकेट के लिए 99 रन की पार्टनरशिप की

अबुधाबी ■ एजेंसी

आईपीएल के 13वें सीजन के 15वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को 8 विकेट से हरा दिया। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 155 रन का टारगेट दिया। बेंगलुरु ने 19.1 ओवर में 2 विकेट पर 158 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। कप्तान विराट कोहली का बल्ला सीजन के चौथे मैच में चला। उन्होंने 72 रन की पारी खेली। कोहली के अलावा देवदत्त पडिक्कल ने 63 रन बनाए।




### राजस्थान ने 6 विकेट पर 155 रन बनाए

इससे पहले राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए बेंगलुरु को 6 विकेट पर 155 रन बनाए। सबसे ज्यादा रन महिपाल लोमरोर (47) ने बनाए। लोमरोर ने 39 बॉल खेली। अपनी पारी के दौरान उन्होंने 1 चौका और 3 छक्के लगाए। अंत में राहुल तेवतिया (24) और जोफ्रा आर्चर (16) ने 21 बॉल पर 40 रन जोड़कर टीम को 150 के पार पहुंचाया।

### चहल ने 3 विकेट लिए

आरसीबी के युजवेंद्र चहल को सबसे ज्यादा 3 विकेट मिले। चहल ने अपने 4 ओवर में सिर्फ 24 रन दिए। इसी के साथ उन्होंने सीजन में सबसे ज्यादा 8 विकेट के साथ पंजाब के मोहम्मद शमी की बराबरी कर ली। हालांकि कम इकोनॉमी की वजह से चहल टॉप पर हैं। मैच में चहल के अलावा इसुरु उडाना ने 2 और नवदीप सैनी को 1 विकेट मिला।

### शुरूआती 5 ओवर में आउट हुए टॉप-3 बल्लेबाज

राजस्थान के टॉप-3 बल्लेबाज इस मैच मैच में कुछ खास नहीं कर सके। कप्तान स्टीव स्मिथ 5 रन ही बना सके। उन्हें इसुरु उडाना ने आउट किया। जोस बटलर को अच्छी शुरूआत मिली, लेकिन वे 22 रन ही बना सके। उन्हें नवदीप सैनी ने आउट किया। इसके बाद संजू सैमसन भी 4 बनाकर युजवेंद्र चहल की बॉल पर पवेलियन लौट गए।

### राजस्थान ने टीम में एक बदलाव किया

राजस्थान टीम में एक बदलाव किया गया है। तेज गेंदबाज अंकित राजपूत की जगह महिपाल लोमरोर को टीम में मौका मिला है। वहीं, बेंगलुरु की टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। राजस्थान में कप्तान स्टीव स्मिथ के अलावा जोस बटलर, टॉम करन और जोफ्रा आर्चर विदेशी खिलाड़ी हैं। वहीं, बेंगलुरु में एरॉन फिंच, एबी डिविलियर्स, इसुरु उडाना और एडम जम्पा विदेशी खिलाड़ी हैं।

### दोनों टीमें

राजस्थान रॉयल्स : स्टीव स्मिथ (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), संजू सैमसन, रॉबिन उथप्पा, रियान पराग, राहुल तेवतिया, टॉम करन, श्रेयस गोपाल, जोफ्रा आर्चर, महिपाल लोमरोर और जयदेव उनादकट।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : विराट कोहली (कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, एरॉन फिंच, एबी डिविलियर्स (विकेटकीपर), शिवम दुबे, गुरकीरत सिंह मान, वाशिंगटन सुंदर, इसुरु उडाना, नवदीव सैनी, एडम जम्पा और यजुवेंद्र चहल।

### दोनों टीमों के सबसे महंगे प्लेयर्स

आरसीबी में कप्तान विराट कोहली सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। टीम उन्हें एक सीजन के 17 करोड़ रुपए देगी। उनके बाद टीम में एबी डिविलियर्स का नाम है, जिन्हें इस सीजन में 11 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं, राजस्थान में कप्तान स्मिथ 12.50 करोड़ और संजू सैमसन 8 करोड़ रुपए कीमत के साथ सबसे महंगे प्लेयर हैं।

### राजस्थान के अब तक दोनों मैच शारजाह में जीते

राजस्थान ने सीजन में अब तक 3 मैच खेले हैं। जिन 2 मुकाबलों में उसने जीत दर्ज की है, वे शारजाह में खेले गए थे। दोनों में राजस्थान ने 200+ का स्कोर बनाया था। वहीं, पंजाब के खिलाफ तो राजस्थान ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया था। लेकिन, दुबई में कोलकाता के खिलाफ हुए मैच में राजस्थान को हार का सामना करना पड़ा था।

### श्रेयस गोपाल ने ली थी हैट्रिक

2014 में जब बेंगलुरु और राजस्थान अबु धाबी में भिड़ंत हुई थी, तो राजस्थान ने बेंगलुरु को 70 रन पर ऑलआउट कर दिया था। मैच में लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल ने हैट्रिक भी लगाई थी, जिसमें कोहली और डिविलियर्स का विकेट भी शामिल था। राजस्थान ने 6 विकेट से मैच जीता था।

### बेंगलुरु अब तक खिताब नहीं जीत सकी

आरसीबी ने 2009 में अनिल कुंबले और 2011 में डेनियल विटोरी की कप्तानी में फाइनल खेला था। 2016 में विराट की कप्तानी में भी टीम फाइनल में पहुंची। लेकिन हर बार टीम की किस्मत खराब ही रही। वहीं, राजस्थान एक बार (2008) में फाइनल में पहुंची और खिताब अपने नाम किया।

### उम्मीद है कि अगले साल कुछ खेल प्रतियोगितायें आयोजित कर पाएंगे: रीजीजू



नई दिल्ली। खेल मंत्री किरेन रीजीजू को उम्मीद है [...] भारत अगले साल के शुरू में खेल प्रतियोगिताओं [...] आयोजन कर पायेगा। मार्च में कोविड-19 महामारी [...] कारण भारत में खेल गतिविधियां बंद हैं। पिछले कुछ महीनों में खिलाड़ियों ने धीरे धीरे ट्रेनिंग शुरू की है। रीजीजू ने स्पोर्टकॉम को आम सालाना बैठक में शनिवार को कहा कि शुरू में मुझे लगा कि अक्टूबर के महीने में कुछ खेल गतिविधियां हो सकती हैं लेकिन कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण ऐसा न[...] हो सका। हालांकि हमारी अभी कोई खेल प्रतियोगितायें न[...] हैं लेकिन जैसा कि मुझे लग रहा है कि उम्मीद है कि जल[...] ही इसका टीका भी आ जायेगा। अगले साल के शुरू में ह[...] मैदान कुछ स्पर्धाऐं करा पाएंगे। खेल मंत्री ने कहा कि जि[...] खिलाड़ियों ने ट्रेनिंग शुरू कर दी है, उनकी लगातार समीक्ष[...] की जा रही है और जूनियर खिलाड़ियों की भी जल्द ट्रेनि[...] शुरू होगी। उन्होंने कहा कि एलीट खिलाड़ियों को उचि[...] ट्रेनिंग दी जा रही है। मैं रोज उनकी प्रगति की समीक्षा कर र[...] हूं। कुछ स्पधाओं को छोड़कर सभी एलीट खिलाड़ियों [...] ट्रेनिंग और कोचिंग चल रही है और जल्द ही जूनिय[...] खिलाड़ियों की भी ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी।

### सीजीएफ ने दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों 2010 की सालगिरह पर विरासत को याद किया

नयी दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) भारत में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन की 10वीं सालगिर[...] के मौके पर दिल्ली 2010 की सकारात्मक विरासत [...] तारीफ की। दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन तीन [...] 14 अक्टूबर 2010 तक हुआ था। यह देश में आयोजि[...] अब तक की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है जिसमें 400[...] से अधिक खिलाड़ियों ने 21 खेलों में अपना दमख[...] दिखाया था। भारत ने 11 दिनों तक चले खेलों के इ[...] महाकुंभ में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। भारत 4[...] स्वर्ण सहित 101 पदक के साथ तालिका में दूसरे स्था[...] पर रहा था। दिल्ली में 2010 में भारत में पहली ब[...] राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया गया था। इसके लि[...] पांच नए खेल स्थलों का निर्माण किया गया, जबकि[...] समारोह और एथलेटिक्स कार्यक्रमों के आयोज[...] जवाहरलाल नेहरू साथ ट्रैक साइकिल, कुश्ती और[...] जिम्नास्टिक का मंचन करने वाले इंदिरा गांधी स्टेडिय[...] का उन्नयन किया गया था।

बैठक — केंद्र ने फंड की कमी के बीच राज्यों को जीएसटी क्षतिपूर्ति के लिए उधार के लिए विकल्प दिए थे

# जीएसटी काउंसिल की बैठक में हो सकते हैं अहम फैसलें

नई दिल्ली ■ एजेंसी

वस्तु सेवा कर यानि जीएसटी काउंसिल की 42वीं अहम बैठक में इस बार कई बड़े मुद्दों पर चर्चा होने वाली संभावना है। इस बार की बैठक में प्रस्तावित अनुपालन में ढील देने और मौजूदा जीएसटी क्षतिपूर्ति मामले का हल निकालने पर ध्यान केंद्रित होगा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, आयुर्वेदिक हैंड सैनिटाइजर पर जीएसटी दरें घटाने पर चर्चा हो सकती है। आगामी 5 अक्टूबर को होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में केंद्र द्वारा उधार लेने के दोनों विकल्प पर विस्तृत बातचीत होगी। केंद्र सरकार ने फंड की कमी के बीच राज्यों को जीएसटी क्षतिपूर्ति के लिए उधार के लिए दो विकल्प दिए थे। सूत्रों ने बताया कि काउंसिल इन दोनों विकल्प पर एक बार फिर से चर्चा करेगा। रेवेन्यू कलेक्शन को लेकर होने वाली चर्चा में केंद्र सरकार अब तक के जीएसटी क्षतिपूर्ति फंड के बारे में विस्तृत जानकारी देगी। इसके पहले 27 अगस्त को हुई 41वीं बैठक में केंद्र सरकार ने जीएसटी कलेक्शन में कमी के बीच भरपाई के लिए राज्यों को दो विकल्प दिया था। इसमें से पहला विकल्प यह था कि राज्य 0.5 फीसदी की दर से 97,000 करोड़ रुपये उधार ले लें। जबकि, दूसरे विकल्प में राज्यों को कुल 2.35 लाख करोड़ रुपये उधार लेने की बात कही गई थी। केंद्र सरकार के मुताबिक, जुलाई 2017 से लेकर अगस्त 2020 तक जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर के तौर 2,96,465 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इसमें 2,81,373 करोड़ रुपये राज्यों को जारी कर दिया गया है। केंद्र सरकार के पास फंड में अब केवल 15,092 करोड़ रुपये जमा हैं, जिसे राज्यों को जारी किया जाना है। इस बीच, काउंसिल में राज्यों के मौजूदा राजस्व स्थिति को भी पेश किया जाएगा। इसके मुताबिक, अप्रैल से अगस्त के बीच औसतान राजस्व का अंतर करीब 56 फीसदी तक बढ़ चुका है। पिछले साल यानी 2019 में यह 56 फीसदी था। नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) के हालिया रिपोर्ट के बाद इस आंकड़े की अहमियत बढ़ जाती है। सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि केंद्र सरकार ने राज्यों की क्षतिपूर्ति के लिए 47,272 करोड़ रुपये किसी अन्य जगह खर्च कर दिया है। सीएजी ने इस जीएसटी क्षतिपूर्ति कानून 2017 का उल्लंघन बताया था।

सूत्रों ने बताया कि जीएसटी क्षतिपूर्ति फंड की कमी को देखते हुए इसे 2022 से बढ़ाकर 2024 तक किया जा सकता है। इसके लिए केंद्र सरकार काउंसिल के समाने प्रस्ताव रखेगी। संभव है कि जीएसटी क्षतिपूर्ति कानून 2017 में संशोधन के लिए केंद्र सरकार ड्राफ्ट तैयार करेगी। मौजूदा व्यवस्था के तहत, राज्यों के राजस्व में कमी की भरपाई के लिए जीएसटी क्षतिपूर्ति कानून, 2017 मदद करता है। इस कानून के तहत जीएसटी लागू किए जाने के पहले 5 साल तक राज्यों को एक तय फॉर्मुर्ला के तहत उनके राजस्व में होने वाले नुकसान की भरपाई की जाएगी। यह रकम सिन या लग्जरी गुड्स पर उपकर लगाकर वूसली जाएगी।



[...]व सचिव — केंद्रीय वित मंत्री — राज्य मंत्री (वित)

# बैंक के उत्तर से नहीं है संतुष्ट तो सीधे आरबीआई से कर सकते हैं शिकायत

मुंबई ■ एजेंसी

बैंक के ग्राहकों को कोई परेशानी या शिकायत है तो आप सीधे बैंकों की शीर्ष निगरानी संस्था यानी रिजर्व बैंक (आरबीआई) से इसकी शिकायत कर सकते हैं। बैंक ने इसके लिए एक विशेष पोर्टल कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) बनाया है। आरबीआई ने अपने ग्राहक जागरूकता अभियान के लिए बॉलीवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन को साथ जोड़ा है। आरबीआई ने ट्विटर अकाउंट 'आरबीआई सेज' पर अमिताभ ने एक मैसेज डाला है। इसमें अमिताभ कह रहे हैं कि अगर बैंक ने आपको कोई इंश्योरेंस पॉलिसी या कोई भी फाइनेंशियल सर्विस दी है, जो आपके काम की नहीं है या आपने उसक[...] लिए अनुरोध किया था लेकिन उसकी शर्तों को आपक[...] साथ साझा नहीं किया गया है, तो बैंक के खिला[...] शिकायत करने से संकोच मत कीजिए। अगर आप बैं[...] के उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं तो आरबीआई के ओम्बड्समै[...] या सीएमएस पोर्टल पर शिकायत कर सकते है[...] आरबीआई पिछले एक साल से अंग्रेजी और हिंदी [...] अलावा विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में यह अभियान चल[...] रहा है। इसका मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच[...] है। आरबीआई इन संदेशों को बार-बार दोहराता है ता[...] लोग अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को नहीं भूलें।

### जिसे वेटर की नौकरी के लायक भी नहीं समझा गया, उसने खड़ा कर दिया होटलों का साम्राज्य

सेजार रित्ज को होटल उद्योग के लिए अयोग्य करार दिया गया था, आज उनके समूह के पास 30 देशों में 100 से ज्यादा होटल, 27,650 से ज्यादा कमरे हैं। नई दिल्ली। यह कोई नई बात नहीं कि अगर गरीबी पीछे लग जाए, तो दूर और देर तक पीछा करती है। निगोड़ी गरीबी भी ऐसी कि अकेली नहीं रहती, अपने साथ कमियों का गुच्छा लिए फिरती है। अक्षमता और अकुशलता जैसी बड़ी कमियां अक्सर गरीबी में ही आटा गीला करती हैं। उस गरीब वेटर की उम्र ही क्या थी, महज 15 साल। ब्रिग शहर के एक ठीक-ठाक होटल में वेटर था। देहात से आए उस लड़के से गलतियां ऐसे होती थीं, जैसे किशोर वय में नजरें भटक जाती हैं।

### विधानसभा उप निर्वाचन-2020

# अभ्यर्थियों को बताएँ नाम निर्देशन पत्र का कोई भी कॉलम खाली न छोड़ें

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिटर्निंग अधिकारियों को बताईं नामांकन प्रक्रिया की बारीकियां

**ग्वालियर।** नाम निर्देशन-पत्र का प्रारूप देते समय ही सभी अभ्यर्थियों को साफ तौर पर बता दें कि नाम निर्देशन पत्र का कोई भी खाना (कॉलम) खाली न छोड़ें। अर्थात फॉर्म के सभी बिंदुओं की जानकारी स्पष्ट रूप से भरी जाए। ऐसा न होने पर नामांकन निरस्त हो सकता है। यह जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने रिटर्निंग अधिकारियों को दी। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने रविवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक लेकर नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने, नाम निर्देशन पत्रों की जाँच व नाम वापसी सहित नामांकन की सम्पूर्ण प्रक्रिया से संबंधित सभी पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। इस प्रशिक्षण सह बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने भी नामांकन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण बारीकियाँ रिटर्निंग अधिकारियों को बताईं। प्रशिक्षण में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर के रिटर्निंग अधिकारी श्री प्रदीप तोमर, 16-ग्वालियर पूर्व के रिटर्निंग अधिकारी श्री एच बी शर्मा एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-19 डबरा (अजा) के रिटर्निंग अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा तथा तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद थे। ज्ञात हो जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-15 ग्वालियर, 16-ग्वालियर पूर्व एवं 19-डबरा (अजा.) में उप निर्वाचन होना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार जिले में 3 नवम्बर को मतदान और 10 नवम्बर को मतगणना होगी।

**शपथ पत्र में देनी होगी स्वयं एवं आश्रितों की संपत्ति की जानकारी**-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक



सभी अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र लें। शपथ पत्र में अभ्यर्थी को खुद के नाम संपत्ति सहित आश्रितों की संपत्ति का भी ब्यौरा देना होगा। साथ ही यदि कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं तो उनका भी ब्यौरा शपथ पत्र में देना अनिवार्य है। शपथ पत्र के हर पृष्ठ पर प्रत्याशी के हस्ताक्षर भी अवश्य होने चाहिए। साथ ही प्रत्याशी को साफ तौर पर बता दें कि शपथ पत्र का कोई भी कॉलम खाली न छोड़ें।

**अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र एनआईसी से सशुल्क लिए जा सकेंगे**-जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने जानकारी दी कि विधानसभा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे। यदि कोई व्यक्ति शपथ पत्र की हार्ड कॉपी चाहता है तो वह एनआईसी मंग शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकेगा।

**चुनावी व्यय के लिये अलग से बैंक खाता अनिवार्य**-विधानसभा का उप चुनाव लड़ने के इच्छुक हर अभ्यर्थी का बैंक में चुनावी व्यय के लिये अलग से खाता होना अनिवार्य है। खाता नम्बर की जानकारी अभ्यर्थी द्वारा संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को अनिवार्यतः देनी होगी।

**9 अक्टूबर को जारी होगी अधिसूचना, इसी दिन से नाम निर्देशन पत्र भरे जा सकेंगे**-उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए विधानसभा उप निर्वाचन कार्यक्रम के तहत निर्वाचन की अधिसूचना 9 अक्टूबर को संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जारी की जायेगी। इसी के साथ ही नाम निर्देशन पत्र भरने का सिलसिला शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 16 अक्टूबर तक भरे जा सकेंगे। नामांकन की संवीक्षा (जाँच) 17 अक्टूबर को होगी। नाम निर्देशन पत्र 19 अक्टूबर तक वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 3 नवम्बर को होगा और 10 नवम्बर को एमएलबी कॉलेज के ए-ब्लॉक में मतों की गिनती होगी।

खास बातें

-हर अभ्यर्थी को शासकीय आवास से संबंधित कोई शुल्क बकाया न होने का नो-ड्यूज प्रमाण-पत्र देना होगा।
-प्रत्याशी को नाम निर्देशन पत्र के साथ निक्षेप राशि की मूल रसीद देनी होगी।
-सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये 10 हजार और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिये 5 हजार रूपए निक्षेप राशि निर्धारित है।
-यदि अभ्यर्थी दूसरे विधानसभा क्षेत्र का निवासी है तो उसे निवास स्थान की मतदाता सूची की प्रमाणित प्रति नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत करनी होगी।



# डॉ.सिकरवार ने किया वार्ड में घर-घर जाकर जनसम्पर्क

## ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर दर्जनों युवाओं ने डॉ.सिकरवार के नेतृत्व में कॉग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की



ग्वालियर। ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस प्रत्या्शी डॉ. सती्या सिंह सिकरवार ने आज वार्ड ल के ललितपुर कॉलोनी में कॉग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ घरगघर जाकर जनसम्पर्क किया। आज सुबह करीब द्व बजे सैकड़ो कॉग्रेस कार्यकर्ता डॉ. सती्या सिंह सिकरवार के नेतृत्व में ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर एकत्रित हुये और वहां से डॉ. सिकरवार के साथ भांकर चौक, कुयावाह मौहल्ला, व्ंयाी की बगिया, जाटव मौहल्ला, कुम्हारों का मौहल्ला, पुलिस कॉलोनी, हॉस्पीटल रोड, सनातन धर्म मंदिर के पीछे वाला मौहल्ला की विभिन्न गलियों में जनसम्पर्क किया। ललितपुर कॉलोनी में जनता द्वारा जगहगजगह डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। जनसम्पर्क के दौरान डॉ. सिकरवार ने क्षेत्र की जनता से कहा कि जिसने आपके साथ धोखा किया और जनमत को बेच दिया उससे बदला लेने का समय आ गया है। डॉ. सिकरवार ने कहा वर्ष् 0अद्व में झूठे वादे करके और जनता को गुमराह करके चुनाव जीत लिया और उसके बाद आज तक वो व्यक्ति आपके द्वार वापस नही आया है और अब वो वापस आ रहा है, फ्रि से आप सभी से झूठे वादे करने और जनमत मांगने। लेकिन अब उसे जनता जनमत नही उसके द्वारा बेचें गये जनमत की सजा देगी। जनसम्पर्क में कार्यकर्ताओं की भीड द्वारा कॉग्रेस पार्टी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, कमलनाथ जिंदाबाद, सती्या सिंह सिकरवार जिंदाबाद के नारे लगाये जा रहे थे।



युवाओं ने कॉग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहणःग आज वार्डगू0 नदी पार टाल मुरार से दर्जनों युवा कॉग्रेस पार्टी जिंदाबाद, डॉ. सती्या सिंह सिकरवार जिंदाबाद के नारे लगाते हुये ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पहुँचे। जहां पर इन युवाओं ने डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में कॉग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर डॉ. सिकरवार के साथ वरिष्ठ कॉग्रेस नेता अलबेल घुरैया मौजूद रहे। कल दिनांक 0 अक्टूबर कार्यक्रमःग प्रातः द्व बजे इंदरगंज चौराहा हनुमानजी मंदिर के पास से वार्ड ल में जनसम्पर्क, दोपहर अू:ग0 बजे वार्डगक्ष0 वोस्टन कॉलेज विडंसर हिल्स के सामने क्षेत्रीय जनता से मुलाकात, भााम ल बजे वार्डगूक्ष जमुनादाई का मौहल्ला रिसाला बाजार मुरार में क्षेत्रीय जनता से मुलाकात, भााम क्ष बजे वार्डगूद्व क्ष0 फुट्टा रोड कार्तिक ऑनलाईन कुम्हरपुरा में क्षेत्रीय जनता से मुलाकात, भााम द्य बजे वार्डगक्ष0 धर्म्याला न्यू आर.टी.ओ. के सामने हरीखेड़ा हुरावली में क्षेत्रीय जनता से मुलाकात एवं सदस्यता अभियान एवं रात द्व बजे वार्डगूग गली नं.अ जोधा नगर टाल रोड में क्षेत्रीय जनता से मुलाकात एवं रात_ बजे वार्डगल में नाट्य कला मंदिर बगिया में क्षेत्रीय जनता से मुलाकात का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

# विधानसभा उप निर्वाचन-2020 में 63 लाख 51 हजार से अधिक मतदाता

**ग्वालियर।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अरूण कुमार तोमर ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन 2020 में कुल मतदाता 63 लाख 51 हजार 867 है। इनमें 33 लाख 73 हजार 402 पुरूष मतदाता, 29 लाख 78 हजार 267 महिला मतदाता एवं 198 अन्य मतदाता हैं। मुरैना जिले की जौरा विधानसभा में कुल 2 लाख 44 हजार 65 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 32 हजार 214 पुरूष, 1 लाख 11 हजार 837 महिला एवं 14 अन्य मतदाता, सुमावली विधानसभा में कुल 2 लाख 39 हजार 926 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 32 हजार 62 पुरूष, 1 लाख 7 हजार 858 महिला एवं 6 अन्य मतदाता, मुरैना विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 54 हजार 671 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 40 हजार 37 पुरूष, 1 लाख 14 हजार 617 महिला एवं 17 अन्य मतदाता, दिमनी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 14 हजार 873 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 17 हजार 543 पुरूष, 97 हजार 325 महिला एवं 5 अन्य मतदाता, अम्बाह विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 22 हजार 797 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 19 हजार 697 पुरूष, 1 लाख 3 हजार 96 महिला एवं 4 अन्य मतदाता हैं।

भिण्ड जिले की मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 60 हजार 899 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 44 हजार 245 पुरूष, 1 लाख 16 हजार 654 महिला मतदाता, गोहद विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 24 हजार 743 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 22 हजार 696 पुरूष, 1 लाख 2 हजार 11 महिला एवं 36 अन्य मतदाता हैं। ग्वालियर जिले की ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 88 हजार 674 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 54 हजार 912 पुरूष, 1 लाख 33 हजार 746 महिला एवं 16 अन्य मतदाता, ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख 12 हजार 946 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 67 हजार 858 पुरूष, 1 लाख 45 हजार 75 महिला एवं 13 अन्य मतदाता, डबरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 28 हजार 153 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 21 हजार 50 पुरूष, 1 लाख 7 हजार 98 महिला एवं 5 अन्य मतदाता हैं। दतिया जिले की भांडेर विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 74 हजार 601 मतदाता हैं, जिनमें 93 हजार 501 पुरूष, 81 हजार 94 महिला एवं 6 अन्य मतदाता हैं। शिवपुरी जिले की करेरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 41 हजार 445 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 30 हजार 226 पुरूष, 1 लाख 11 हजार 218 महिला एवं 1 अन्य मतदाता, पोहरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 21 हजार 576 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 19 हजार 346 पुरूष, 1 लाख 2 हजार 227 महिला एवं 3 अन्य मतदाता हैं। गुना जिले की बमोरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 5 हजार 335 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 6 हजार 999 पुरूष, 98 हजार 336 महिला मतदाता हैं। अशोक नगर जिले की अशोक नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 96 हजार 527 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 3 हजार 814 पुरूष, 92 हजार 707 महिला एवं 6 अन्य मतदाता और मुंगावली विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 92 हजार 115 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 2 हजार 666 पुरूष, 89 हजार 442 महिला एवं 7 अन्य मतदाता हैं।

सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 5 हजार 395 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 11 हजार 697 पुरूष, 93 हजार 685 महिला एवं 13 अन्य मतदाता हैं। छतरपुर जिले की मलहरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 13 हजार 535 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 14 हजार 968 पुरूष, 98 हजार 558 महिला एवं 9 अन्य मतदाता हैं। अनूपपुर जिले की अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 69 हजार 70 मतदाता हैं, जिनमें 86 हजार 731 पुरूष, 82 हजार 336 महिला एवं 3 अन्य मतदाता हैं। रायसेन जिले की सॉची विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 40 हजार 775 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 28 हजार 374 पुरूष, 1 लाख 12 हजार 392 महिला एवं 9 अन्य मतदाता हैं। राजगढ़ जिले की ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 25 हजार 322 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 15 हजार 989 पुरूष, 1 लाख 9 हजार 332 महिला एवं 1 अन्य मतदाता हैं। आगर मालवा जिले की आगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 17 हजार 266 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 11 हजार 926 पुरूष, 1 लाख 5 हजार 335 महिला एवं 5 अन्य मतदाता हैं। देवास जिले की हाटपिपल्या विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 91 हजार 439 मतदाता हैं, जिनमें 98 हजार 644 पुरूष, 92 हजार 792 महिला एवं 3 अन्य मतदाता हैं। खण्डवा जिले की मांधाता विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 96 हजार 415 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 1 हजार 826 पुरूष, 94 हजार 586 महिला एवं 3 अन्य मतदाता हैं। बुरहानपुर जिले की नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 40 हजार 743 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 23 हजार 374 पुरूष, 1 लाख 17 हजार 365 महिला एवं 4 अन्य मतदाता हैं। धार जिले की बदनावर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 3 हजार 900 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 2 हजार 163 पुरूष, 1 लाख 1 हजार 735 महिला एवं 2 अन्य मतदाता हैं। इंदौर जिले की सांवेर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 64 हजार 271 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 35 हजार 523 पुरूष, 1 लाख 28 हजार 746 महिला एवं 2 अन्य मतदाता हैं। मंदसौर जिले की सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 60 हजार 390 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 33 हजार 321 पुरूष, 1 लाख 27 हजार 64 महिला एवं 5 अन्य मतदाता हैं।

# कोरोना हेल्थ बुलेटिन 04 अक्टूबर

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले में अब तक कोविड-19 के 506 प्रकरण हैं। कोविड 19 से होने वाली मृत्यु 14 हैं। जिले में अब कोविड-19 कोरोना के 56 एक्टिव केस हैं। जिसमें अशोकनगर में 30 तथा 26 मरीज अन्य जिलों में भर्ती हैं। अब तक कुल स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या 436 है। जिले में कोरोना वायरस संक्रमण से संबंधित अब तक 15922 सैम्पल जांच हेतु लिए गए। लिए गये सैम्पलों मे से कुल 15863 सैम्पलों की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। जिसमें कुल 506 पॉजिटिव, 15150निगेटिव, 174 रिजेक्ट तथा 33 रिपीट पॉजिटिव मरीज शामिल हैं। रविवार को 122 सैम्पल जांच हेतु लिये है। आज दिनांक को 263 रिपोर्ट प्राप्त हुई है। प्राप्त रिपोर्ट में 07 पॉजिटिव एवं 255 रिपोर्ट नेगेटिव तथा रिजेक्ट 01 रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिले में कंटेनमेंट एरिया 89 है। होम क्वांरटीन में रह रहे व्यक्तियों की संख्या 385 हैं।

# जिले में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए निरंतर प्रयास जारी

**श्योपुर।** प्रभारी कलेक्टर श्री एसआर नायर के निर्देशन में नोबल कोरोना वायरस कोविड-19 के अतंर्गत श्योपुर जिलें में संक्रमण को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय किये जा रहे है। साथ ही संक्रमित मरीजो को कोरोना से निजात दिलाने के निरंतर प्रयास जारी है। सीएमएचओ डॉ बीएल यादव ने बताया कि कोरोना संक्रमण की दिशा में राज्य/अन्य राज्यों से आये 17313 यात्रियो की स्क्रीनिंग कार्य मेडीकल टीम द्वारा समय-समय पर कराने की सुविधा दी गई है। जिसमें विदेश भ्रमण से आये 64 व्यक्तियों को स्क्रीनिंग की सुविधा प्रदान की गई। इसी प्रकार विदेश से आये इतने ही व्यक्तियों को होम कोरेनटाईन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। साथ ही उनका होमकोरेनटाइन का पीरियड भी पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा विदेश से आये 02 यात्री जिले मे वापिस नही लौटे है। इसी प्रकार जिले में होम कोरेनटाईन किये गये 17550 व्यक्तियों में से 17457 को घर भेजा जा चुका है। इसके अलावा 19927 व्यक्तियों के सेम्पल लिये जा चुके है। साथ ही 866 कोरोना वायरस सेम्पल रिपोर्ट पॉजीटिव पाई गई थी। इसी प्रकार कोरोना वायरस सेम्पल में 18593 व्यक्तियों की जानकारी नेगेटिव पाई गई है। सीएमएचओ श्योपुर द्वारा जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार 240 व्यक्तियों की सेम्पल रिपोर्ट प्राप्त नही हुई है। इसके अलावा 208 कोरोना वायरस सेम्पल पैथोलॉजी द्वारा रिजेक्ट कर दिये गये है। कोरोना संक्रमण से 05 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है। साथ ही कोरोना संक्रमित 799 व्यक्ति ठीक होने के बाद अपने घर पहुंच गये है। इसके अलावा कुल सर्वे कॉटेन्टमेंट एरिया 159 घोषित किये गये थे।

# एसडीएम पोहरी ने ली विधानसभा निर्वाचन हेतु बीएलओ एवं सुपरवाईजर की बैठक

## अनुपस्थित 32 बीएलओ एवं 14 सुपरवाईजर को दिए कारण बताओ सूचना पत्र

**शिवपुरी।** पोहरी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री जे.पी.गुप्ता द्वारा विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों हेतु आईटीआई पोहरी पर बी.एल.ओ. एवं सुपरवाईजर की बैठक ली गई। बैठक में अनुपस्थित 32 बी.एल.ओ एवं 14 सुपरवाईजर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए है। एसडीएम श्री गुप्ता ने कहा कि सुपरवाईजर एवं बी.एल.ओं के बीच समन्वय होना चाहिए जिससे कार्य करने में सरलता रहेगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की स्थिति का अवलोकन करें तथा उसमें शिफ्टेड, मृत व रिपीटर्स को देख लें एवं मतदान केन्द्रों की वास्तविक स्थिति देखकर अवगत कराये। यदि केन्द्र पर पानी, बिजली, रेम्प, किवाड, फर्नीचर आदि की कोई समस्या होने पर अवगत कराए। उन्होंने अनुपस्थित बीएलओ एवं सुपरवाईजर्स को तीन दिवस में एसडीएम कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।
अनुपस्थित सुपरवाईजर्स में रामहेत सिंह यादव, महेन्द्र करारे, के.बी.मुदगल सीएसी, भमरसिंह धाकड बीएसी एवं आरएईओ सीबीएस राठोर, मनोज खत्री, नवी बक्स, हरीशंकर दुबे, उमेश त्रिपाठी, आर.के.शर्मा, लक्ष्मण धाकड, आर.एस.जाटव, कोक सिंह शामिल है।




PTV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं सपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कालोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478